संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Sarguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

www.ghatatighatana.com
ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 299 बुधवार 03 सितम्बर 2025, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## दुष्कर्म के आरोपी आप विधायक हरमीत पुलिस हिरासत से फरार



नई दिल्ली,02 सितम्बर 2025 (ए)। पंजाब से इस वक्त एक बड़ी खबर मिली है। दरअसल, दुष्कर्म के आरोपी पंजाब के आम आदमी पार्टी (आप) विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा के खिलाफ केस दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत लिया, लेकिन विधायक हिरासत से फरार हो गया है। घटना में एक पुलिसकर्मी घायल हुआ है पुलिसकर्मी के ऊपर गाड़ी चढ़ाई और फरार हो गया। हिरासत के बाद लोकल थाने ले जाते वक्त पठानमाजरा और उसके साथियों ने पुलिस पर फायरिंग की। अब फरार विधायक की तलाश में पुलिस जुट गई है। सूत्रों ने बताया कि विधायक और उसका समर्थक एक स्कार्पियो और एक फॉर्च्यूनर लेकर भागा। पुलिस ने फॉर्च्यूनर कार को पकड़ लिया। वहीं स्कॉर्पियो में सवार विधायक फरार है। पंजाब पुलिस की टीम पीछा कर रही है। पुलिस के मुताबिक 26 अगस्त को एक महिला ने पठानमाजरा के खिलाफ सेक्सुअल हैरसमेंट की कंप्लेंट की और सोमवार को पुलिस ने रेप का केस दर्ज किया। FIR के मुताबिक, पठानमाजरा पर रेप, धोखाधड़ी और आपराधिक रूप से डराने धमकाने के आरोप दर्ज किए गए हैं।

## भारत-अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर जारी है बातचीतःगोयल



नई दिल्ली,02 सितम्बर 2025 (ए)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत कर रहा है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भारत-चीन संबंध धीरे-धीरे सामान्य स्थिति की ओर बढ़ रहे हैं। जैसे-जैसे सीमा मुद्दे सुलझते जाएंगे, तनाव कम कम होता जाएगा। केंद्रीय मंत्री गोयल ने नई दिल्ली में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के 20वें वैश्विक स्थायित्व शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उनका यह बयान ट्रंप प्रशासन के नई दिल्ली की रूसी तेल की निरंतर खरीद के जवाब में भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ दोगुना करने के कुछ ही दिनों बाद आया है। गोयल ने कहा, हम बीटीए के लिए अमेरिका के साथ वार्ता कर रहे हैं। भारत और अमेरिका मार्च से इस समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। अब तक पांच दौर की वार्ता पूरी हो चुकी है। 27 अगस्त से 50 फीसदी शुल्क लगाए जाने के बाद अमेरिकी दल ने अगले दौर की वार्ता के लिए भारत का अपना दौरा स्थगित कर दिया है, जो 25 अगस्त से शुरू होने वाली थी। अभी तक छठे दौर की वार्ता के लिए कोई तारीख तय नहीं की गई है।

## अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार अर्थव्यवस्था को खुला और पारदर्शी बनाएंगे : सीतारमण



चेन्नई,02 सितम्बर 2025 (ए)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार पूरी तरह अर्थव्यवस्था को खुला और पारदर्शी बनाएंगे। इससे अनुपालन का बोझ और कम होगा और छोटे व्यवसायों को लाभ होगा। केंद्रीय वित्त मंत्री आज तमिलनाडु स्थित सिटी यूनियन बैंक के 120वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रही थीं। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। सीतारमण ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में, 56 करोड़ से ज्यादा जन-धन खाते खोले गए हैं, जिनमें कुल जमा राशि 2.68 लाख करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि इनमें से 67 फीसदी खाते ग्रामीण या अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं, जिसमें 56 फीसदी खाते महिलाओं के पास हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि बैंक खाता सिर्फ एक पासबुक नहीं है, बल्कि ये अवसरों का पासपोर्ट है,जो ऋण,बचत, बीमा और सम्मान तक पहुंच को सक्षम बनाता है। सीतारमण ने कहा कि भारत के अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों ने अपनी परिसंपत्ति गुणवत्ता में भारी सुधार दर्ज किया है, जिसके परिणामस्वरूप एनपीए में कमी आई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के लिए एक टास्क फोर्स के गठन की घोषणा की है, जिसका स्पष्ट उद्देश्य नियमों को सरल बनाना, अनुपालन लागत कम करना एवं स्टार्टअप्स, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और उद्यमियों के लिए एक अधिक सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि कल और परसों होने वाली जीएसटी परिषद की बैठक के साथ अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की योजनाबद्ध शुरुआत आने वाले महीनों में एक पूरी तरह से खुली और पारदर्शी अर्थव्यवस्था स्थापित करेगी और अनुपालन बोझ में और कमी लाएगी, जिससे छोटे व्यवसायों के लिए फलने-फूलना आसान हो जाएगा।

## गिरिराज सिंह ने सीसीआई के किसान-केंद्रित कपास किसान ऐप को किया लॉन्च



चेन्नई, 02 सितम्बर 2025 (ए)। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने मंगलवार को कपास किसान ऐप को लॉन्च किया। कपास किसान ऐप न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत किसानों से कपास की निर्बाध खरीद सुविधाजनक बनाने के लिए वस्त्र मंत्रालय के भारतीय कपास निगम (सीसीआई) द्वारा विकसित नया मोबाइल एप्लिकेशन है। वस्त्र मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कपास किसान ऐप का शुभारंभ किया है। ये नया मोबाइल ऐप किसानों को स्व-पंजीकरण, स्लॉट बुकिंग और भुगतान स्थिति जानने में सहायक है। मंत्रालय ने बताया कि यह ऐप किसानों को भुगतान के बारे में जानकारी प्रदान करेगा, जिससे कपास खरीद प्रक्रिया में अधिक तेजी, पारदर्शिता और सुगमता आएगी। गिरिराज सिंह ने ऐप की लॉन्चिंग के अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि किसान-प्रथम यह मोबाइल ऐप कपास उत्पादक किसानों के लिए उनकी उपज की बिक्री अधिक आसान बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कदम है।उन्होंने कहा कि इस डिजिटल ऐप से पंजीकरण से लेकर भुगतान स्थिति तक सभी न्यूनतम समर्थन मूल्य संचालन समय पर पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से सुनिश्चित होगा, जो किसानों को किसी संकटकालीन बिक्री से बचाने और डिजिटल इंडिया अभियान को गति प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली में सेमीकॉन इंडिया 2025 का उद्घाटन किया

# आर्थिक स्वार्थ से अर्थव्यवस्था में चुनौतियां आईं भारतीय जीडीपी फिर भी 7.8% बढ़ीःपीएम मोदी

नई दिल्ली,02 सितम्बर 2025 (ए)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दिल्ली स्थित यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में सेमीकॉन इंडिया-2025 का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, आज पूरी दुनिया भारत पर भरोसा करती है। दुनिया भारत के साथ सेमीकंडक्टर का भविष्य बनाने के लिए तैयार है। मोदी ने आगे कहा, एक तरफ जब दुनिया भर की इकोनॉमी में चिंताएं हैं। आर्थिक स्वार्थ से पैदा हुई चुनौतियां हैं। उस माहौल के बावजूद भारत ने इस साल के पहली तिमाही में 7.8% की ग्रोथ रेट हासिल करके दिखाया है। यह वृद्धि मैन्युफैक्चरिंग,सर्विस,कृषि और निर्माण सहित हर सेक्टर दिखाई दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा,भारत अब बैकएंड से निकलकर एक फुल-स्केल सेमीकंडक्टर राष्ट्र बनने की राह पर है। हम सभी निवेशकों का स्वागत करने के लिए तैयार हैं। वो दिन दूर नहीं,जब दुनिया कहेगी, डिजाइन्ड इन इंडिया, मेड इन इंडिया एंड ट्रस्टेड बाय वर्ल्ड। डिजाइन इन इंडिया और मेड इन इंडिया,यही भविष्य की पहचान होगी। पीएम ने कहा, सेमीकंडक्टर की दुनिया में कहा जाता है कि ऑयल ब्लैक गोल्ड था, लेकिन चिप्स डिजिटल डायमंड हैं। पिछली सदी में दुनिया का भविष्य तेल के कुएं से तय होता था, लेकिन 21वीं सदी की शक्ति एक छोटी सी चिप में सिमट गई है। यह चिप भले ही छोटी है, लेकिन इसमें दुनिया के विकास को गति देने की ताकत है।




### मजाकिया अंदाज में पीएम ने भाषण की शुरुआत की

पीएम मोदी ने सेमीकॉन इंडिया-2025 कार्यक्रम में अपने भाषण की शुरुआत मजाकिया अंदाज से की। उन्होंने कहा, मैं कल रात की जापान और चीन की यात्रा करके लौटा हूं। पीएम खे इतना कहते ही दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों ने तालियां बजाईं। इस पर पीएम ने थोड़ा सीरियस होकर कहा, गया था इसलिए ताली बजा रहे हो या वापस आ गया इसलिए ताली बजा रहे हो। पीएम की बातों पर लोग जोर से हंसने लगे। इसके बाद पीएम मोदी भी मुस्कुराते दिखे।

### मां को गाली पर भावुक हुए पीएम

बिहार के दरभंगा में 27 अगस्त को राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान पीएम मोदी की मां को गाली दी गई थी। इसके 7वें दिन मंगलवार को पीएम मोदी ने सामने आकर गाली देने का जवाब दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- बिहार में कांग्रेस के मंच से मेरी मां को गालियां दी गईं। ये गालियां सिर्फ मेरी मां का अपमान नहीं, ये देश की मां-बहन, बेटी का अपमान है। पीएम ये कहते हुए भावुक हो गए। उन्हें इमोशनल देख बिहार भाजपा के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल की आंखों में भी आंसू आ गए। मोदी की बात सुनकर बिहार राज्य जीविका निधि शाखा सहकारी संघ लिमिटेड के कार्यक्रम में आईं महिलाएं भी रोने लगीं।

### वैष्णव बोले...दुनिया भारत को भरोसे से देख रही

सेमीकॉन इंडिया-2025 के उद्घाटन समारोह में केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी शामिल हुईं। अश्विनी वैष्णव ने कहा, हमने 3.5 साल पहले भारत सेमीकंडक्टर मिशन की शुरुआत की थी। इतने कम समय में ही दुनिया भारत की ओर भरोसे से देख रही है। अश्विनी वैष्णव ने कहा, पीएम मोदी ने सेमीकॉन इंडिया-2024 में कहा था कि जब मुश्किलें आएं, तो आप भारत पर दांव लगा सकते हैं। हाल ही में पहली तिमाही में 7.8 की वृद्धि दर प्रधानमंत्री की बातों का प्रमाण है। अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री को विक्रम 32-बिट प्रोसेसर और 4 प्रोजेक्ट्स के टेस्ट चिप्स गिफ्ट किए। विक्रम 32-बिट प्रोसेसर पूरी तरह भारत में विकसित पहला 32-बिट माइक्रो प्रोसेसर है, जिसे ढ्ढस्त्रद्ध सेमी-कंडक्टर लैब ने बनाया है।

### 3 दिनों तक चलेगी कॉन्फ्रेंस राउंड टेबल में शामिल होंगे पीएम

सेमीकॉन इंडिया-2025 तीन दिनों तक चलने वाली कॉन्फ्रेंस है, जिसका आयोजन भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए किया गया है। इस कॉन्फ्रेंस में 48 देशों की 350 से यादा कंपनियां, 2500 प्रतिनिधि, 50 ग्लोबल लीडर्स समेत समेत 20,750 से ज्यादा कंटेस्टेंट भाग लेंगे। इसमें छह देशों की राउंड टेबल चर्चा, देश-स्तरीय मंडप और वर्कफोर्स डेवलपमेंट एंड स्टार्ट-अप्स के लिए समर्पित मंडप भी शामिल होंगे।

### एक्ट्रेस रान्या राव पर कार्रवाई

## सोने की तस्करी के मामले में डीआरआई ने 102 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया

नई दिल्ली,02 सितम्बर 2025 (ए)। कन्नड़ फिल्म एक्ट्रेस रान्या राव पर सोने की तस्करी मामले में डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) ने 102 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। डीआरआई सूत्रों के अनुसार, सह-आरोपी तरुण कोंदराजु पर 63 करोड़ रुपए और ज्वैलर्स साहिल सकरिया जैन और भरत कुमार जैन पर 56-56 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया। मंगलवार को डीआरआई अधिकारी बेंगलुरु सेंट्रल जेल पहुंचे और प्रत्येक आरोपी को 250 पेज का नोटिस और 2,500 पेज का एनेक्सचर दिया। डीआरआई सूत्र ने बताया,11,000 पेज की डॉक्यूमेंटेशन तैयार करना बहुत मेहनत वाला काम था। रान्या राव को 3 मार्च को दुबई से लौटते समय सोने के साथ पकड़ा गया



था। उनको जुलाई में एक साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। यह सजा विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी गतिविधियों की रोकथाम अधिनियम के तहत सुनाई गई थी। मंगलवार को हाईकोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट ने अगली सुनवाई 11 सितंबर के लिए स्थगित कर दी है। बता दें कि जब जुलाई के महीने रान्या को सजा सुनाई गई थी,उन्हें सजा की पूरी अवधि के दौरान जमानत का अधिकार नहीं दिया था।

# अफगानिस्तान में फिर से आया भूकंप

## अब तक 1400 लोगों की मौत,तालिबान ने दुनिया से मदद मांगी

काबुल,02 सितम्बर 2025 (ए)। अफगानिस्तान में एक बार फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। मंगलवार को दक्षिण-पूर्वी हिस्से में 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। इससे पहले अफगानिस्तान के जलालाबाद में रविवार रात 6.0 तीव्रता का भूकंप आया था। भूकंप से मरने वालों की संख्या अब तक 1411 हो गई है, जबकि घायलों का आंकड़ा 3250 से ज्यादा हो गया है। रविवार को जिस वक्त भूकंप आया तब ज्यादातर लोग सो रहे थे, इस वजह से वे इमारतों के मलबे में दब गए। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने दुनियाभर से मदद मांगी हैं। इसके बाद भारत ने मदद के लिए 1000 टेंट काबुल भेजे हैं। साथ ही, 15 टन खाने का सामान



काबुल से कुनार भेजा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ङ्ग पर लिखा कि भारत आगे भी राहत सामग्री भेजेगा। 2021 में तालिबान सरकार बनने के बाद अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने अफगानिस्तान की मानवीय सहायता रोक दी थी। ब्रिटेन ने भूकंप से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए 1 मिलियन पाउंड (10 करोड़) की इमरजेंसी फंड का ऐलान किया है। वहीं, चीन ने कहा कि वह अफगानिस्तान की जरूरतों और अपनी क्षमता के मुताबिक उसकी मदद करेंगे।

### भूकंप ने किए कई गांव तबाह

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक भूकंप 2 लाख की आबादी वाले जलालाबाद शहर से लगभग 17 मील दूर नांगरहार प्रांत में आया। जहां कई गांव मलबे में बदल गए। यह इलाका राजधानी काबुल से 150 किमी दूर है। यह एक पहाड़ी इलाका है। जो भूकंप के लिए रेड जोन माना जाता है। जहां सहायता पहुंचाना भी मुश्किल है। रिपोर्ट के मुताबिक सबसे ज्यादा मौतें पड़ोसी कुनार प्रांत में हुई हैं। यहां सोमवार को 4.6 तीव्रता का एक और भूकंप आया।

# मराठा आरक्षण आंदोलनःजरांगे ने भूख हड़ताल खत्म की

## कहा...हम जीत गए,सरकार ने हमारी मांगें मान ली,बॉम्बे हाईकोर्ट में आज सुनवाई

मुंबई,02 सितम्बर 2025 (ए)। मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे ने पांच दिवसीय भूख हड़ताल मंगलवार को खत्म कर दी। इसके बाद उन्होंने कहा, हम जीत गए हैं। सरकार ने हमारी मांगें मान ली हैं। यह भी कहा कि अगर सरकार आरक्षण की मांगों पर जीआर (आदेश) जारी कर देती है तो वह आज रात 9 बजे तक मुंबई छोड़ देंगे। उधर, बॉम्बे हाईकोर्ट ने जरांगे को अनशन स्थल आजाद मैदान पर 3 सितंबर की सुबह तक रुकने की अनुमति दे दी। इससे पहले अदालत ने मंगलवार दोपहर 3 बजे तक मैदान खाली करने को कहा था। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को भी फटकार लगाई। कहा कि प्रशासन ने उसके आदेशों को लागू क्यों नहीं किया। जबरन मैदान



खाली कराने के लिए कदम क्यों नहीं उठाए। अदालत ने कहा कि अगर बुधवार तक स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो वह कड़ा आदेश जारी करेगी और किसी भी हद तक जाएगी।। समिति ने जरांगे को बताया कि अब तक (मृतक प्रदर्शनकारियों के परिजनों को) 15 करोड़ रुपए की सहायता दी जा चुकी है और बाकी राशि एक हफ्ते के भीतर दे दी जाएगी। जरांगे के वकील ने मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और जस्टिस आरती साठे की बेंच से बुधवार दोपहर 11 बजे तक का वक्त मांगा। कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन जारी है।

### एक हफ्ते में मुआवजा दिया जाएगा : पाटिल

मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल ने दोपहर में समिति के अन्य सदस्यों शिवेंद्रसिंह भोसले, उदय सामंत, माणिकराव कोकाटे के साथ आजाद मैदान में जरांगे से मुलाकात की और समिति द्वारा तैयार किए गए मसौदे पर उनके साथ चर्चा की। पाटिल ने बताया कि अब तक विरोध प्रदर्शनों के दौरान मरने वालों के परिजनों को उनकी शैक्षणिक योग्यता के हिसाब से एक हफ्ते के अंदर मुआवजा और सरकारी नौकरी दी जाएगी। समिति ने जरांगे को बताया कि अब तक (मृतक प्रदर्शनकारियों के परिजनों को) 15 करोड़ रुपए की सहायता दी जा चुकी है।

## हिसार में 4 युवकों पर 11 हजार वोल्ट तार गिरी,3 की मौत

### चौथा छलांग लगाकर बचा,एक 2 बेटियों का पिता था

हिसार,02 सितम्बर 2025 (ए)। हरियाणा के हिसार में मंगलवार को हुए दर्दनाक हादसे में बाइक सवार चाचा-भतीजे और उनके एक साथी की मौत हो गई। तीनों राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में स्थित गोगामेड़ी से दर्शन करके लौट रहे थे। जैसे ही तीनों हिसार पहुंचे, उन पर 11 हजार वोल्ट की लाइन का तार टूट कर गिर गया। तीनों की मौके पर ही तड़प-तड़प कर मौत हो गई। आसपास के लोगों ने तुरंत पावर हाउस को सूचना दी, लेकिन आधे घंटे तक सप्लाई बंद नहीं की गई। करंट लगने का खतरा देखते हुए ही लोग तुरंत उनकी मदद नहीं कर सके। इसी वजह से युवकों की जान चली गई। लोगों के



मुताबिक, तीनों के साथ एक युवक और था, जो तार की चपेट में आने से पहले ही बाइक से कूद गया। परिजनों ने बताया कि मृतकों में एक युवक दो बेटियों का पिता था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों के शवों को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल भिजवाए। सदर थाना पुलिस ने बिजली निगम के कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भाजपा का दावा...पवन खेड़ा के पास 2 वोटर आईडी

## कांग्रेस नेता बोले...यही सवाल हम चुनाव आयोग से कर रहे,चुनाव आयोग ने खेड़ा को नोटिस भेजा



नई दिल्ली,02 सितम्बर 2025 (ए)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के भाजपा और चुनाव आयोग पर वोट चोरी के आरोप लगा रहे हैं। इसी बीच भाजपा ने दावा किया है कि कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के पास दो वोटर आईडी हैं। भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने मंगलवार को कहा कि खेड़ा का नाम जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र (पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट) और नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र (नई दिल्ली लोकसभा सीट) की वोटर लिस्ट में है। मालवीय ने कहा- यह अब चुनाव आयोग के लिए जांच का विषय है कि आखिर पवन खेड़ा के पास दो वोटर आईडी कैसे हैं और क्या उन्होंने एक से ज्यादा बार मतदान किया। यह चुनावी कानून का खुला उल्लंघन है। इस मामले में चुनाव आयोग ने पवन खेड़ा को नोटिस जारी किया है। वहीं, आरोप पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, कांग्रेस यही सवाल तो चुनाव आयोग से कर रही है।

## हिमाचल के मंडी में लैंडस्लाइड,मां-बेटी समेत 3 की मौत

### 2 अभी मलबे में दबे,लोग जान बचाने दौड़े,कुल्लू-करसोग में भी 2 बिल्डिंगें ढहीं

शिमला,02 सितम्बर 2025 (ए)। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिला के सुंदरनगर के जंगम बाग बीबीएमबी कॉलोनी में मंगलवार शाम 7 बजे लैंडस्लाइड हो गया। इसकी चपेट में 2 घर आ गए। इससे में 5 लोग दब गए। जिसमें एक ही परिवार की मां भारती (28), उसकी ढाई साल की बेटी कीरत और मकान मालिक शांति देवी की मौत हो गई। वहीं पिता गुरप्रीत और उसकी मां सुरेंद्र कौर अभी मलबे में दबे हुए हैं। सुरेंद्र प्राइवेट बस ड्राइवर था। इसके अलावा घर की मालकिन शांति देवी का देर रात मलबे से शव बरामद कर दिया गया है। सर्च ऑपरेशन जारी है। पहाड़ी से लैंडस्लाइड के वक्त लोग जान बचाने के लिए भागते हुए भी नजर आए। वहीं, भारी



बारिश के अलर्ट को देखते हुए शिमला, सोलन, बिलासपुर, ऊना और कांगड़ा जिला के शिक्षण संस्थानों में कल भी छुट्टी रहेगी। कुल्लू के आनी बस स्टैंड में सुबह पौने 10 बजे 2 मंजिला मकान भरभराकर 2 सेकेंड में नीचे गिर गया। कुल्लू में भुंतर-मणिकरण रोड पर दोपहर में नीचे से गुजरती गाड़ियों के ऊपर पहाड़ी से पत्थर गिरते रहे। हालांकि गनीमत रही कि किसी गाड़ी पर पत्थर नहीं गिरा। कुल्लू के ढालपुर में आज सुबह 11.30 बजे एक मकान लैंडस्लाइड की चपेट में आ गया। इसमें 2 लोग दब गए। इसमें से एक महिला की मौत हो गई। सोलन के बरोटीवाला में बीती रात में मकान की दीवार गिरने से घर पर सो रही महिला की मौत हो गई। सोलन के ही अर्की में भी भारी बारिश से एक मकान जमींदोज हो गया। मंडी के करसोग में दोपहर 1 बजे 12 कमरों का मकान चंद सेकेंड में जमींदोज हो गया। बिलासपुर में भी 7 मकानों में बड़ी-बड़ी दरारें आईं।

# संपादकीय

## मोदी सरकार की संकल्प-शक्ति का इम्तहान...

बेशक,स्वस्थ स्थिति यह होगी कि ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में रोजगार-शुदा लोगों के पुनर्वास की उचित व्यवस्था की जाए। लेकिन उसे पूर्व शर्त बना कर इस कारोबार से करोड़ों की बदहाली बढ़ाते जाना किसी स्वस्थ समाज को मंजूर नहीं हो सकता। ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री का बड़ा हिस्सा संगठित जुआ बना हुआ है। इसलिए इसे प्रतिबंधित करने के लिए लाए गए विधेयक को देर से,लेकिन सही दिशा में उठाया गया कदम माना जाएगा। यह भी स्वागतयोग्य है कि इसके दायरे में उन ऑनलाइन गेम्स को नहीं रखा गया है,जिसमें पैसे का लेन-देन नहीं होता। बहरहाल,इस इंडस्ट्री से बहुत बड़े स्वार्थ जुड़े हुए हैं। इसलिए बिल पारित होने के बाद भी प्रस्तावित कानून के प्रभावी ढंग से लागू हो पाने को लेकर आशंकाएं बरकरार हैं। गेमिंग इंडस्ट्री इसे न्यायपालिका में चुनौती देने की तैयारी में है। इसके अलावा उसने प्रोमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 के खिलाफ सरकार और अधिकारियों को प्रभावित करने के लिए बड़े पैमाने पर लॉबिंग शुरू कर दी है। इसलिए प्रस्तावित कानून को लागू करना नरेंद्र मोदी सरकार की संकल्प-शक्ति का एक बड़ा इम्तहान होगा। खुद सरकार ने बताया है कि देश के युवाओं में ऑनलाइन गेमिंग की लत बढ़ती चली गई है। इस कारण हर साल 45 करोड़ लोग पैसा गंवाते हैं। ऑनलाइन गेम में पैसा लगाने के लिए घरों के भीतर कलेश और हिंसा के मामले बढ़ते चले गए हैं। कई आत्म-हत्याओं की खबरें भी हर साल आती हैं। लोगों की इसी बदहाली की कीमत पर गेमिंग इंडस्ट्री फूल-फल रही है। उसके संचालकों का दावा है कि यह कारोबार इतना बड़ा हो चुका है कि इस इंडस्ट्री में दो लाख लोगों को रोजगार मिला हुआ है। इस कारोबार के जरिए इंडस्ट्री हर साल 20 हजार करोड़ रुपए का टैक्स सरकार को देती है। मगर सरकार को ऐसी दलीलों से प्रभावित नहीं होना चाहिए। फिलहाल उसने राजस्व पर सामाजिक हित को तरजीह देने का रुख लिया है,जिस पर उसे कायम रहना चाहिए। सामाजिक बुराई को फैलाने वाले हर कारोबार से कुछ लोगों की रोजी-रोटी चलती है। बुराई को जब कभी रोका जाएगा,ऐसे लोगों को नुकसान होगा। बेशक,स्वस्थ स्थिति यह होगी कि उनके पुनर्वास की उचित व्यवस्था की जाए, लेकिन उसे पूर्व शर्त बना कर जुआ जैसे कारोबार से करोड़ों की बदहाली बढ़ाते रहना किसी स्वस्थ समाज को कतई मंजूर नहीं हो सकता।

# छात्रों के विकास में शिक्षक की भूमिका कितनी कारगर



डॉ.प्रितम भि0 गेडाम
लखनऊ,उत्तरप्रदेश

शिक्षक को माता-पिता तुल्य माना जाता है,अभिभावकों के बाद बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक ही सबसे ज्यादा जिम्मेदार होते है, कहते है कि देश के आनेवाले पिढी का विकास होगा या विनाश,यह दोनों बातें शिक्षक की भूमिका पर निर्भर करते है,क्योंकि शिक्षक अपने ज्ञानरूपी अध्यापन से छात्रों के बुद्धिकौशल्य को पहचानकर उन्हें योग्यतापूर्वक निखारता है। वहीं अगर शिक्षक अपनी भूमिकाओं को और अपने पद की गरिमा को भूल जाता है, तो सम्पूर्ण समाज को इसकी सजा लंबे समय तक भुगतनी पड़ती है। शिक्षक गुणों की खान कहलाते है, जिनमें विषयज्ञान, संचार कौशल, शिक्षण के प्रति जुनून,सकारात्मक भाव,रचनात्मक विचार,शोधकर्ता, धैर्यवान,चरित्रवान,बुद्धिमान,कर्मठ, सहनशील,मृदुभाषी,समय का मोल जाननेवाले,बिना किसी भेदभाव के सभी छात्रों को एक नजर से देखनेवाले,उनके कलागुणों को समझनेवाले, हमेशा छात्रों के भलाई और उनके उज्वल भविष्य के लिए संघर्षरत रहने जैसे गुण शिक्षक में होते है। यही गुण एक सच्चे शिक्षक की पहचान होती है। शिक्षक छात्रों के लिए आदर्श मार्गदर्शक, प्रेरणास्त्रोत और मित्र होते है, जो छात्रों के सर्वांगीण विकास में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। छात्रों के नैतिक और चारित्रिक विकास में भी शिक्षक योगदान देते है अर्थात छात्रों को पढ़ा-लिखाकर उन्हें बेहतर जीवनयापन के योग्य बनानेवाले व सुजान नागरिक में तब्दील करनेवाले शिक्षक ही होते है। शिक्षा का सही अर्थ केवल किताबी ज्ञान या तकनीकी कौशल प्राप्त करना नहीं है,बल्कि एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक,नैतिक और आध्यात्मिक क्षमताओं का समग्र विकास होता है। इसका उद्देश्य ज्ञान और अनुभव के माध्यम से व्यक्ति को बुद्धिमान, संवेदनशील और समाज के लिए उपयोगी बनाना है, ताकि वह जीवन की समस्याओं का समाधान कर सके और एक सभ्य नागरिक बन सके। एक वक्त था जब शिक्षा समाजसेवा का एक भाग हुआ करता था,शिक्षा की लौ जलाने के लिए समाजसुधारक संघर्ष करते हुए समाज में नयी क्रांति लाते थे। लेकिन आज के बाजारीकरण के युग में शिक्षा को व्यवसाय के रूप में देखा जाता है। देश के बड़े-बड़े सरकारी अधिकारी,नेता,कर्मचारी यहाँ तक की खुद सरकारी शिक्षक भी अपने बच्चों को महँगी निजी शिक्षा संस्थानों में पढ़ाने के लिए प्राथमिकता देते है क्योंकि वे सरकारी शिक्षा प्रणाली से शायद संतुष्ट नहीं है और अमीर घर के बच्चें तो सीधे विदेशों में पढ़ना पसंद करते है। लाख-डेढ़ लाख रुपये माह का वेतन पाने वाले सरकारी शिक्षक भी अपने बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाते है, आखिर ऐसा क्यों होता है? क्या सरकारी शिक्षकों को खुद के शिक्षा प्रणाली पर ही भरोसा नहीं है? देश में शिक्षक जैसे सबसे पवित्र पेशे में भी बहुत ज्यादा घृणास्पद घटनाएं




शिक्षा जगत को कलंकित करती रही है,आज वर्तमान में भी यह स्थिति कुछ खास बदली नहीं है। अभी महाराष्ट्र राज्य में सरकारी शालार्थ आयडी घोटाला भी खूब चर्चा में है, सैकड़ो सरकारी अनुदानित स्कूलों में शिक्षकों के झूठे आंकड़े दिखाकर बरसों से वेतन के नाम पर सरकार के करोड़ों रुपयों का गबन किया जा रहा था। शिक्षा में भ्रष्टाचार का बोलबाला भी चरम पर नजर आता है,पता सबको होता है, लेकिन इसके विरुद्ध बोलना कोई नहीं चाहता। महाराष्ट्र राज्य के सरकारी अनुदानित वरिष्ठ महाविद्यालयों में शिक्षक भर्ती के नाम पर अक्सर भ्रष्टाचार की खबरें देखने-सुनने-पढ़ने मिलती है, यह भर्ती एक गठित समिति द्वारा की जाती है, विश्वविद्यालय के कुलगुरु और राज्य सरकार के मंत्रियो से शिकायत करने के बावजूद सुधार के नाम पर केवल आश्वासन ही सुनने मिलता है। अब तक यह भर्तियां सरकार ने पूर्णत अपने जिम्मे नहीं ली है। ऐसी प्रणाली से योग्यता होने के बावजूद गरीबों और ईमानदार का प्रोफेसर बनने का सपना संघर्ष और भ्रष्टाचार में दब जाता है।

देश के आर्थिक रूप से सक्षम कुछ निजी शिक्षा संस्थानों की हालत संतोषजनक है,परंतु अधिकतम निजी शिक्षा संस्थानों में शायद सबसे ज्यादा शिक्षित शिक्षक सबसे कम वेतन में काम करते है। बहुत से निजी स्कूल,महाविद्यालय में शिक्षक एक दिहाड़ी मजदुर से भी कम वेतन मेहनताना पाता है,साथ ही एक पद पर कार्य करते हुए संस्थान के अन्य कार्य भी उन्हें जबरदस्ती करने होते है। इस क्षेत्र में बेरोजगारी का आलम भी सर्वोच्च है। आज के महंगाई के समय में ढाई-तीन हजार रुपये माह का वेतन कोई मायने नहीं रखता, फिर भी बड़ी संख्या में शिक्षक इस वेतन में भी कार्य कर रहे है,ये बड़े ही शर्म और दुःख की बात है हमारे लिए। अनेक शिक्षा संस्थानों में संस्थानों के मालिक शिक्षकों से गैर व्यवहार करते है,अपने निजी कार्य में शिक्षकों को व्यस्त करते है। अनेक संस्थानों में तो महीनों-सालों तक शिक्षकों का वेतन बकाया रखा जाता है, तो कहीं जगह पदोन्नति रोकी जाती है,मानसिक यातनाएं भी दी जाती है, इसलिए शिक्षकों में आत्महत्याओं की घटनाएं भी बहुत हो रही है। शिक्षा जगत में छात्रों का भी अब नया रूप देखने मिल रहा है,छोटे-छोटे बच्चे भी अपने स्कूली बैग में अवांछित वस्तुएँ लेकर घूमते मिलते है,जिसमे घातक हथियार भी होते है। पहले शिक्षक छात्रों को गलती पर पिट देते थे तो भी अभिभावक कुछ ख़ास ऐतराज नहीं करते थे, अब छात्रों को शिक्षकों द्वारा गलती पर मारना तो दूर डांटना भी गुनाह जैसा महसूस होता है,कुछ माह पूर्व पंजाब, हरियाणा में स्कूली छात्रों ने अपने प्रधानाचार्य को चाकू घोप कर मार दिया। अब छात्र भी शिक्षा संस्थानों में अपने शिक्षकों को धमकाने की घटनाएं उजागर हो रही है। हमारे देश में वैसे ही नाबालिग अपराधियों का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है, अभिभावक व्यस्तता दर्शाते है, शिक्षक व्यावसायिक होते जा रहे है, फिर देश की पीढ़ी तो अपराधों की दलदल में फसना लाजमी है। महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राज्यसभा में दी गई जानकारी अनुसार, साल 2022 के आंकड़ों द्वारा पता चलता है कि, नाबालिग अपराधियों में महाराष्ट्र राज्य देश में अव्वल स्थान पर है, फिर इसके बाद मध्य प्रदेश,राजस्थान, तमिलनाडु राज्य का नंबर आता है। लोग कहते है कि सरकारी स्कूलों की हालत खराब है, जबकि वहां शिक्षकों का वेतन भरपूर है, दूसरी ओर देश के अधिकतर निजी संस्थानों में शिक्षकों का वेतन बेहद कम है,तो फिर ऐसी स्थिति में देश की शिक्षा प्रणाली मजबूत कैसे बनेगी? शैक्षणिक गुणवत्ता का स्तर कैसे बढ़ेगा? निजी संस्थानों में क्या छोटी सी तनख्वाह में शिक्षक पुरे जी-जान से देश का उज्वल भविष्य को बना सकता है,जबकि खुद उस शिक्षक का वर्तमान अंधकारमय है। देश में अधिकतर जगह यही स्थिति है, यह सब देखते हुए क्या सच में आज का शिक्षक देश के पीढ़ी का उज्वल भविष्य का शिल्पकार कहलाने योग्य भूमिका में है। केन्द्रीय विद्यालय, आईआईटी, आईआईएम, एम्स जैसे शिक्षा संस्थान हर गाँव, हर शहर की जरुरत है, प्रत्येक विद्यार्थी को बिना आर्थिक भेदभाव के समान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का मौका मिलना चाहिए। बिहार के निजी कोचिंग सेंटर के मशहूर शिक्षक खान सर ने हाल ही में अपने एक मुलाखत में बताया था, कि देश में सरकारी शिक्षा प्रणाली बेहद ख़राब स्थिति से गुजर रही है, इसका सबूत यह है कि निजी कोचिंग सेंटर छात्रों से भरे होते है। शिक्षा हेतु छात्रों की निर्भरता निजी कोचिंग सेंटर पर बेहद बढ़ रही है। कहने को तो सब छात्रों के पास शायद नाममात्र की डिग्री आ भी जाएं, लेकिन छात्रों का सर्वांगीण विकास अपने लक्ष्य से कोसों दूर रहेगा। जीवन का सबसे बड़ा कार्यकाल तन मन धन के साथ हम शिक्षा में खर्च करते है, अगर वो शिक्षा हमें बेहतर जीवनमान का स्तर उपलब्ध कराने में योग्य साबित होती है तो वह सही है, वरना जीवन एक संघर्ष बनकर रह जाता है। शिक्षक जब तक समाज सुधारक की भूमिका में अपने कार्य को नहीं समझेंगे तब तक देश के उज्वल भविष्य पर सवाल उठते रहेंगे।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# विघ्नहर्ता श्री गणेश जी के आध्यात्मिक रहस्य और शक्तियां



भावना संजीव ठाकुर
रायपुर,छत्तीसगढ़

**विघ्नहर्ता श्री गणेश जी के आध्यात्मिक रहस्य और शक्तियां।**

भारत देश की सभ्यता संस्कृति का त्यौहार एक अभिन्न व महत्वपूर्ण अंग है । त्यौहार हमारे जीवन में विभिन्न प्रकार की खुशियां,उमंग उत्साह लेकर आते हैं इन्हीं त्यौहारों में से एक महत्वपूर्ण एवं पवन पर्व गणेश चतुर्थी है ।

गणेश जी के पूरे शरीर में सिर को अलग कर के देखेंगे तो मनुष्य का ही शरीर दिखता है परंतु इनके शरीर को हाथी का चेहरा दिया गया इसीलिए उन्हें गजधर कहते हैं जिनमें हाथी के समान अंग दिखाई देते हैं । जिनमें आंख, कान, सूंड, दांत आदि शामिल हैं । परंतु इन सभी के पीछे आध्यात्मिक रहस्य और शक्तियां है जैसे

**सूंड**

सूंड आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक है। हाथी की सूंड इतनी मजबूत और शक्तिशाली होती है कि वह वृक्ष को भी उखाड़ कर, सूंड में लपेटकर ऊपर उठा कर फैंक सकता है। वह एक बुलडोजर और क्रेन की तरह कार्य एक साथ कर सकता है। साथ ही छोटे-छोटे बच्चों को भी प्रणाम करता है,किसी को पुष्प अर्पित करता है, पानी का लोटा चढ़ाकर पूजा करता है, सुई जैसी सुक्ष्म चीज को भी उठा लेता है। ज्ञानवान व्यक्ति भी अपने मूल आदतों को जड़ों से उखाड़कर फेंकने में समर्थ होता है। सुक्ष्म से सुक्ष्म बातों को भी धारण करने के लिए, दूसरों को सम्मान,स्नेह और आदर देने में वह कुशल होता है। अपने पुराने कुसंस्कारों को जड़ से पकड़कर निकाल फेंकने के लिए भी हाथी की सूंड जैसी उसमें आध्यात्मिक शक्ति होती है। इस तरह हाथी की सूंड ज्ञानी व्यक्तियों की क्षमताओं का प्रतीक हैं।

**कर्ण(कान)**

उनके कान अत्यंत अद्भुत पंखे जैसे बड़े बड़े होते हैं बड़े-बड़े खुले कान हमें यह शिक्षा देते हैं कि आवश्यक एवं महत्वपूर्ण बात चाहे वह स्व के प्रति हो या अन्य के प्रति से ध्यान से सुने । कान को मुख्य ज्ञानेंद्रिय माना गया है। गुरु भी जब अपने शिष्य को मंत्र देते हैं तो उसके कान में ही उच्चारण करते हैं। भगवान ने जब गीता ज्ञान दिया तो अर्जुन ने कानों के द्वारा ही उसे सुना। अतः बड़े-बड़े कान, ज्ञान श्रवण के प्रतीक हैं । वे ध्यान से, जिज्ञासापूर्वक,ग्रहण करने की भावनाओं को भावना से,पूरा चित्त देकर सुनने के प्रतीक हैं। ज्ञान की साधना में श्रवण, मनन और निज अध्ययन यह तीन पुरुषार्थ बताए गए हैं । इनमें सबसे प्रथम श्रवण है । ज्ञान के सागर परमात्मा के विस्तृत ज्ञान का श्रवण इन बड़े कानों से समुचित करना ही इसका प्रतीक है ।

**आंखें (चक्षु)**

उनकी आंखे दिव्य दृष्टि वाली होती है उन्हें छोटी चीज भी बड़ी दिखाई देती है। यदि उन्हें छोटी चीज भी दिखाई नहीं देती तो वह सबको अपने पांव के नीचे रौंदता चले जाते। दूसरा उनकी आंखें छोटी लेकिन दूरदर्शिता का प्रतीक होती हैं। हमारे जीवन में कई सुक्ष्म बातें रहस्यपूर्ण बातें होती हैं जिन्हें दूरदर्शिता को ध्यान में रखते हुए उनके परिणाम को देखते हुए फिर अपनानी चाहिए। ज्ञानवान व्यक्ति का भी एक गुण होता है वे छोटो में भी बढ़ाई से देखतें है। हर एक की महानता उसके सामने उभरकर आती है और सब का सब को आदर देता है उसके मन को अपने शब्दों से रौंधता नहीं है ।

**महोदर(पेट)**

बोलचाल की भाषा में यह कहा जाता है कि इसका तो पेट बड़ा है इनको कोई भी बात सुना दी जाए तो वह बाहर नहीं निकलती हैं। गणेश जी का पेट बहुत बड़ा होता है । जो कि समाने की शक्ति का प्रतीक है। ज्ञानवान व्यक्ति के सामने भी निंदा स्तुति, जय-पराजय ऊंच-नीच क ी



परिस्थितियां आती है परंतु वह उनको स्वयं में संभाल लेतें है । गणेश जी का लंबा पेट अथवा बड़ा पेट ( महोदर ) ज्ञानवान के इसी गुणों का प्रतीक है । गणेश जी की चार भुजाएं दिखाई जाती हैं। उनमें से एक में कुल्हाड़ा दिखाया जाता है। कुल्हाड़ा तो काटने का एक साधन है ज्ञानवान व्यक्ति मे ममता के बंधन काटने और संस्कारों को जड़ से उखाड़ने की क्षमता होती है उसी का प्रतीक यह कुल्हाड़ा है। ज्ञान एक कुल्हाड़ी की तरह से है जो उसके मन के जुड़े हुए दैहिक नातो को चूर चूर कर देता है। गीता में भी ज्ञान को तेज तलवार की उपमा दी गई है जिससे कि काम रूपी शत्रु को मारने के लिए कहा गया है । आसुरी संस्कारों को मार मिटाने के लिए ज्ञानरूपी कुल्हाड़ा जिसके पास है वह आध्यात्मिक योद्धा ही ज्ञानी है। हमें गणेश जी जैसा पूजनीय बनना है तो हमें भी ऐसी बड़ी शक्तियां धारण करनी होगी ।

**वरद् मुद्रा**

गणपति जी का एक हाथ सदा वरद मुद्रा में दिखाया जाता है। देवता हमेशा देने वाले ही होते हैं । जिसकी जैसी भावना, श्रद्धा होती है उन्हें वैसी ही प्राप्ति अल्पकाल के लिए होती है । वरद मुद्रा इस बात का प्रतीक है । जैसे गणेश जी हमेशा दाता के रूप रहते हैं वैसे ही ज्ञानवान व्यक्ति की स्थिति ऐसी महान हो जाती है कि वह दूसरों को निर्भयता और शांति का वरदान देने की सामर्थ वाला हो जाता है। वह अपनी शुभ मनसा से दूसरों को आशीष प्रदान कर सकतें है।

**बंधन (रस्सी)**

आत्मा का परमात्मा के साथ नाता जोड़ना भी प्रेम के बंधन में बँधना है । गणपति जी के एक हाथ में जो डोरे (बंधन) हैं वह इसी प्रेम के डोरे हैं। वे दिव्य नियमों के शुद्ध बंधन है। ज्ञानी स्वयं इन नियमों के बंधनों में स्वयं को ढालता है ।इसका दूसरा भाव है कि आत्मा परमधाम से अकेली आती है जैसे ही वह देह में प्रवेश करती हैं तो कई संबंधों के बंधनो में बंध जाती है और उनके साथ उसका कर्मो का लेखा जोखा शुरू हो जाता है। ऐसे कई बंधनों में बंधती चली जाती है। इसमें सुख के बंधन कम और दुख के बंधन अधिक होते हैं। इन बंधनों से मुक्त होने के लिए ही आत्मा ईश्वर के पास आती है कि मुक्तिदाता मुझे मुक्त करो।

# दस पंद्रह दिन का तेल मिल गया-बेटू को कॉपी दिलाऊंगा अब



विना तन्वी
नागपुर महाराष्ट्र

एक पिता ये सोचेगा चलो दस पंद्रह दिन का अब तेल हो गया भोजन बनाने के लिये अब जो पैसे बचेंगे उससे अपने बेटे को कॉपी-पेंसिल दिला दूंगा,पिछले पंद्रह दिन से बच्चा बोल रहा दिलाने को पर दिहाड़ी मजदूर मैं कहाँ से लेकर दूं? अब जो पैसे बचेंगे तेल के उससे अपने बच्चों को कॉपी दिला सकता मैं। जरा इन लाईनों को गौर से पढ़े, रूह से पढ़े और अपने अंतर मन को उस पिता की जगह रख कर देख, दूरदृष्टी डालकर सोचें की यदि हम उस पिता की जगह होते और ये सब हमारे और हमारे बच्चों के साथ होता तो?

हिन्दू हूँ मैं,सनातनी हूँ मैं,राम नाम संग समस्त देवी-देवताओं को रोज़ पूजती भी हूँ मैं और मोदी का परिवार भी हूँ मैं-अब आप सभी पाठक सोचेंगे इसमें नई बात क्या है? वो तो समस्त हिन्दू करते हैं। तो आपके सवाल का जवाब मैं देती हूँ -हॉं समस्त हिन्दू सनातनी होने का हर धर्म निभाते हैं, पूजा-पाठ भी करते हैं ठीक वैसे ही जैसे मैं करती हूँ। अब आती हूँ असल बात पर-



**मैं किसी भी बात का ना तो विरोध कर रही हूँ और ना ही किसी प्रकार का हस्तक्षेप।**

बात असल में ये है कि अभी-अभी अपने टेलीविजन पर ख़बरें सुन रही थी विभिन्न खबरों के मध्य एक खबर यह आई की श्री राम की भव्य नगरी बनने के बाद जिस तरह लाखों दियों से अयोध्या नगरी को रोशन किया गया था ठीक उसी तरह इस वर्ष भी अयोध्या नगरी में 26 लाख ग्यारह हजार दियों को जलाकर पुनः गिनिज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का निर्णय लिया गया है, सुन कर मन बहुत प्रसन्न हुआ। तभी मुझे एक बात याद आई की जब गत वर्ष दिये जलाए गये थे तो उस समय समस्त दियों में भरपूर तेल भरा गया था। परंतु जो तट पर दिये जलाए गये थे उनमें से बहुत से दिये-

**बहती हवा के वेग से आधे-अधूरे जले और वह बुझ गये**

दूसरे दिन उसी तट पर बहुत से मजदूर वर्ग के छोटे-छोटे बच्चे, महिलाएं जो की दुधमुंहे शिशु को गोद में उठाए हुए बुझे हुए दियों से तेल प्लास्टिक के डब्बे व कुछ बच्चे तो पन्नियों में अधजला तेल इकट्ठा कर रहे थे। मैंने आज वर्ष *2025 1 सितंबर* को पुनः खुद इस खबर की पुष्टि करने के लिये गुगल साईट और यू-टयूब पर विभिन्न विडियो को देखा और हॉं मुझे प्राप्त पिछली जानकारी अनुसार, समस्त जानकारी सत्य थी। ग़रीबी, पेट की भूख, नये कपड़ों के सिर्फ सपने ये सब क्या होता है, ये सिर्फ एक गरीब बच्चा ही बता सकता-जिनके लिये वो जला तेल भी बहुत बेशकीमती है। कम से कम कुछ समय तेल खरीदने के पैसे बचे और उससे उसकी कोई ख्वाहिश पूरी हो जाए या दो टाईम भर पेट खाना खाने को मिल जाए। सच वर्ष 2025 में जब अयोध्या में फिर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की जो तैयारी 26.11 लाख दियों को जलाने की तैयारी चल रही उसने मुझे पीछे धकेल दिया मतलब गत वर्ष की खबरों को पढ़ने और विडियो देखने के लिये। मन लिखते-लिखते भर आया। काश ऐसा हो जाए,श्री राम की तरह उनके पदचिन्हों पर चला जाए अर्थात 26.11 लाख दियों का खर्चा, तेल का खर्चा, बाती और माचीस का खर्चा समस्त खर्चों को जोड़ जो बजट बने उससे हमारे ही देश की गरीब प्रजा को आधा लीटर या उससे कम तेल की एक-एक बोटल देकर गिनिज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया जाए।

# बिहार की राजनीति और राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा

लोक सभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी की 17 अगस्त को सासाराम से शुरु हुई वोटर अधिकार यात्रा का समापन एक सितंबर को पटना में हो गया। यह 16 दिनों की यात्रा रा'य के 25 जिलों और 110 विधानसभा क्षेत्रों से गुजरी। करीब 1×00 किलोमीटर की इस यात्रा का उद्देश्य कथित तौर पर लाखों मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के खिलाफ आवाज उठाना था। राहुल गांधी ने इसे ÷नैतिक÷ लड़ाई बताया। यात्रा के दौरान विपक्षी दलों ने एकजुटता दिखाई। राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा सासाराम से शुरू हुई थी और पटना में समाप्त हुई। इस यात्रा का मकसद उन लाखों मतदाताओं के लिए आवाज उठाना था, जिनके नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए हैं। चुनाव आयोग की मसौदा मतदाता सूची में रा'य के 65.5 लाख वोटरों के नाम शामिल नहीं किए गए हैं। विपक्ष ने इस यात्रा को सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि एक नैतिक लड़ाई के तौर पर पेश किया।

राहुल गांधी ने कहा कि वे उन लाखों लोगों के मताधिकार की रक्षा करना चाहते हैं, जिनके नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। यात्रा में संवैधानिक की रक्षा की दुहाई दी गई और विपक्ष की एकता का प्रदर्शन किया गया। इस यात्रा के दौरान वोट चोर,गद्दी छोड़ जैसे नारे लगाए गए। पटना की रैली में समापन के मौके पर उमड़े जनसैलाब को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कर्नाटक की महादेवपुरा सीट में फर्जी मतदाताओं की पड़ताल के प्रकरण को दोहराते हुए कहा कि तब तो केवल



एटम बम फटा था,लेकिन उससे भी ताकतवर होता है हाइड्रोजन बम, जो अब फूटने जा रहा है। राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी और चुनाव आयोग पर वोट चोरी करने का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने कहा कि यह सिर्फ बिहार का मुद्दा नहीं है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र का मुद्दा है। राहुल गांधी ने कहा कि उनकी यात्रा का मुख्य संदेश-एक व्यक्ति, एक वोट है। उन्होंने बीजेपी और चुनाव आयोग पर 65 लाख से 'यादा वोटरों के नाम मतदाता सूची से हटाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हटाए गए मतदाताओं में दलित, ओबीसी,मुस्लिम और गरीब वर्ग के लोग शामिल हैं। राहुल गांधी ने कहा,यह सिर्फ बिहार के बारे में नहीं है, यह भारत के लोकतंत्र के बारे में है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा संविधान की रक्षा के लिए थी।

राहुल गांधी ने संकेत दिए हैं कि निश्चित ही कांग्रेस पार्टी ने कई ऐसे और सबूत अब तक एकत्र कर लिए होंगे, जिनके सामने आने से बड़ा धमाका होने वाला है। दो दिन पहले गुजरात में कांग्रेस अध्यक्ष अमित चावड़ा ने लोकसभा सीट नवसारी और विधानसभा सीट चोरयासी पर जांच का दावा किया है। उन्होंने बताया कि कुल मतदाताओं में करीब 00 हज़ार फर्जी हैं। जब दो सीटों पर इतनी बड़ी संख्या में फर्जी वोटर हैं,तब इस फर्जीवाड़े का दायरा और कितना बड़ा होगा, यह अनुमान लगाया जा सकता है। महाराष्ट्र और हरियाणा के विधानसभा चुनाव इसके अलावा लोकसभा चुनावों में भी मतदाता सूची में हेरफेर के इल्जाम श्री गांधी लगा चुके हैं, तो मुमकिन हैं अबकी बार इन्हीं में से किसी चुनाव की गड़बड़ी फिर से सामने लायी जायेगी। पटना में यात्रा के समापन पर राहुल और तेजस्वी के साथ जेएमएम से हेमंत सोरेन,शिवसेना से संजय राउत,एनसीपी से जितेंद्र आव्हाड़,टीएमसी से युसूफ पठान, माकपा से एम ए बेबी,भाकपा से डी राजा और एनी राजा भी शामिल हुए। इससे पहले एम के स्टालिन,कनिमोझी,अखिलेश यादव,पप्पू यादव तो यात्रा में साथ चले भी हैं। इस मौके पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि वोट चोरी पहले से चल रही थी,पकड़ में अब आई है। इसके संकेत साफ़ हैं कि वोट चोरी या एसआईआर के जरिए मतदाता सूची से नाम काटने का मुद्दा केवल बिहार तक सीमित नहीं है,बल्कि यह पूरे देश का मुद्दा बन चुका है और समूचा विपक्ष इसमें एक साथ भाजपा के खिलाफ खड़ा है। पूरा विपक्ष चुनाव आयोग पर धांधली के एक जैसे इल्जाम लगा रहा है। अभी आम आदमी पार्टी इसमें शामिल नहीं हुई, लेकिन वोट चोरी की शिकायत वह भी करती है और जब संसद से चुनाव आयोग तक विपक्ष का पैदल मार्च हुआ था,तब आप के सांसद संजय सिंह भी शामिल हुए थे। यहां अब विपक्ष पहले से ज्यादा ताकतवर और एकजुट दिखाई दे रहा है।

करवाना, ये सारे दांव भी भीड़ को रोक नहीं पाए, तो श्री मोदी की दिवंगत मां का मुद्दा खड़ा हो गया। पटना में सदाकत आश्रम पर लाठी डंडों के साथ हमले के बाद लखीमपुर खीरी में कांग्रेस मुख्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने तोड़-फोड़ मचाई और यह सब पुलिस की मौजूदगी में हुआ।

**कुमार कृष्णन**

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।
-सम्पादक

# सरस्वती महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह का आयोजन

-संवाददाता-
अंबिकापुर,02 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।
नगर के सरस्वती महाविद्यालय सुभाष नगर अंबिकापुर में दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्री सुभाष चंद्र अग्रवाल महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष,श्री अनिल सिंह मेजर समिति के उपाध्यक्ष,श्री छाजेड़ समिति के व्यवस्थापक,श्री करताराम गुप्ता समिति के कोषाध्यक्ष,श्री बसंत गुप्ता समिति के भूतपूर्व व्यवस्थापक, श्रीमती ज्योतसेना पालेकर समिति के सदस्य,एवं महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री ऋषि सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुरुआत सर्वप्रथम मां सरस्वती के छाया प्रति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर दिया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं श्रीफल से किया गया। मुख्य अतिथि श्री राजरूप छाजेड़ ने नई शिक्षा नीति के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थी कॉलेज में दाखिला लेते ही वह अपने करियर की पहली सीढ़ी चढ़ना प्रारंभ करते हैं। ऐसे में सही मार्गदर्शन में प्रेरणा इन छात्रों के भविष्य उज्जवल बनाने के लिए आवश्यक है। महाविद्यालय समिति के उपाध्यक्ष श्री अनिल सिंह मेजर ने कहा कि नई शिक्षा नीति से छात्र छात्राओं का विकास होगा। यह नीति सिर्फ किताबों और परीक्षाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बच्चों के सपनों, हुनर और उनकी असली पहचान को उजागर करने का माध्यम है। पहले शिक्षा का मकसद केवल डिग्री लेना और नौकरी पाना समझा जाता था,लेकिन अब शिक्षा का असली उद्देश्य है-ज्ञान, कौशल और जीवन मूल्यों का विकास करना है। इसके पश्चात महाविद्यालय के अध्यक्ष श्री सुभाष चंद्र अग्रवाल ने कहा कि नई शिक्षा नीति हमें यह सिखाती है कि हर बच्चा खास है और उसकी अपनी प्रतिभा है। शिक्षा अब केवल रटने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि सोचने,समझने और समस्याओं को हल करने की क्षमता विकसित करेगी। 5+3+3+4 का नया ढांचा बच्चों को मजबूत नींव से लेकर व्यावहारिक जीवन तक तैयार करेगा। मातृभाषा में शिक्षा बच्चों की जड़ों से जोड़कर उनकी कल्पनाशक्ति को और भी समृद्ध बनाएगी। कौशल विकास और उद्यमिता पर जोर देकर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। इसके पश्चात महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री ऋषि सिंह ने नई शिक्षा नीति के बारे में कहा कि हमें समझना होगा कि यह नीति सिर्फ एक सरकारी दस्तावेज़ नहीं है,बल्कि यह हमारे लिए अवसरों का द्वार है। अगर हम इसे अपनाते हैं,तो हम केवल अच्छे विद्यार्थी ही नहीं बल्कि सृजनशील,आत्मविश्वासी और जिम्मेदार नागरिक भी बनेंगे। याद रखिए-शिक्षा वही है,जो हमें केवल जीवन यापन ही नहीं सिखाती,बल्कि बेहतर जीवन जीना भी सिखाती है। तो आइए,हम सब मिलकर नई शिक्षा नीति का स्वागत करें और अपने सपनों को नई उड़ान दें। भारत का भविष्य हमारे हाथों में है, और इस नीति के साथ हम अपने देश को ज्ञान और नवाचार की शक्ति से विश्वगुरु बना सकते हैं। महाविद्यालय के एनईपी प्रभारी श्री प्रवीण शर्मा ने सभी छात्र छात्राओं को पीपीटी के माध्यम से राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति के बारे में जानकारी दी। अंत में आभार प्रदर्शन महाविद्यालय एनएसएस प्रभारी धर्मेंद्र श्रीवास्तव ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन श्री कृष्ण कुमार त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एवं छात्र छात्राएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक ने मंत्री से की मुलाकात



-संवाददाता-
अंबिकापुर,02 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।
कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक कमलेश सोनी, राजपत्रित अधिकारी संघ के डॉ. सीके मिश्रा एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के संभागीय अध्यक्ष संजय सिंह ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल से सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री अग्रवाल को उनके कार्यभार ग्रहण करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों जैसे वेतन विसंगति, समयमान, पदोन्नति, तथा कार्यस्थल की समस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मंत्री अग्रवाल ने प्रतिनिधियों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए सकारात्मक समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है और सभी उचित मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा।

## 10 वर्षीय बालक की सर्पदंश से मौत

संवाददाता-
अंबिकापुर,02 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।
गांधीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम रनपुकला में सर्पदंश से एक 10 वर्षीय बालक की मौत हो गई। जयप्रकाश, पिता स्व. लूरन राम,1 सितंबर की रात अपनी मां सोनमति और भाई आदित्य के साथ जमीन पर बिछे बिस्तर में सोया था। रात करीब 12.11 बजे सोनमति की गर्दन की ओर हाथ गया तो उसे कुछ ठंडा महसूस हुआ। उठकर देखने पर करैत सांप बिस्तर से भागता नजर आया। शोर सुनकर घर में मौजूद दामाद बालकुमार ने सांप को मार दिया। शुरुआत में किसी को नहीं पता था कि सांप ने किसी को काटा है। कुछ समय बाद जयप्रकाश के पेट में तेज दर्द होने लगा। परिजन तत्काल उसे निजी वाहन से अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे भर्ती कर इलाज शुरू किया। इलाज के दौरान 2 सितंबर की सुबह 9.25 बजे डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर मर्ग कायम कर लिया है। इस घटना से गांव में शोक का माहौल है। विशेषज्ञों के अनुसार करैत सांप का विष बेहद जहरीला होता है, जो व्यक्ति की जान कुछ घंटों में ले सकता है।

## बगीचा में खेतों में काम कर रहे तीन पहाड़ी कोरवाओं पर गिरी आकाशय बिजली



-संवाददाता-
जशपुरनगर,02 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।
जशपुर जिले के बगीचा ब्लॉक के महादेवजोबला में आकाशीय बिजली गाज की चपेट में आकर 3 पहाड़ी कोरवा गंभीर रूप से झुलसकर घायल हो गए। आकाशीय गाज से झुलसकर घायल हुए तीनो पहाड़ी कोरवाओं को तत्काल बगीचा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कलेक्टर रोहित व्यास ने पहले ही जिले के संबंधित अधिकारियों को बरसात के मौसम में आपात की स्थिति निर्मित होने पर प्रभावितों को त्वरित सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में विशेष पिछड़ी जनजातीय समुदाय में आने वाले पहाड़ी कोरवाओं के आकाशीय बिजली की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलसने की जानकारी होते ही, उनका तत्काल उपचार प्रारंभ किया गया। अभी उनकी स्थिति सामान्य है।

## बालक आश्रम में लापरवाही ने ली मासूम की जान,पेड़ कटाई हादसे में 10 वर्षीय छात्र की मौत,दो गिरफ्तार



-संवाददाता-
बलरामपुर,02 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।
बलरामपुर के जरहाडीह बालक आश्रम में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां पेड़ कटाई के दौरान 10 वर्षीय छात्र अभय कच्छप की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आश्रम के भृत्य करमसाय पंडो और अधीक्षक दिनेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।घटना 31 अगस्त 2025 की है,जब आश्रम में खेल रहे अभय कच्छप के बाएं पैर में भृत्य करमसाय पंडो द्वारा पेड़ काटते समय टांगी लग गई। इससे अत्यधिक रक्तस्राव के कारण इलाज के दौरान अभय की मौत हो गई। पुलिस जांच में सामने आया कि अधीक्षक दिनेश कुमार की लापरवाही और सुरक्षा उपायों की अनदेखी इस हादसे का कारण बनी।

## संभाग स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता,पीजी इलेवन और फाइटर क्लब में मेंड्राकला ने दर्ज की जीत



-संवाददाता-
अंबिकापुर,02 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।
संभाग स्तरीय नॉकआउट कम लीग फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 के अंतर्गत मंगलवार को गांधी स्टेडियम में दो मैच खेला गया। प्रथम मैच एसटी क्लब कोठारी विरुद्ध पीजी इलेवन के मध्य खेला गया, जिसमें दोनों टीम मध्यांतर तक दोनों टीम बराबरी पर थी। मध्यांतर के पश्चात दोनों टीम के तरफ से एक-एक गोल कर बराबरी पर रही। इसके बाद इस मैच का निर्णय पैनाल्टी शूट आउट से किया गया।

जिसमें पीजी इलेवन 4-3 गोल के अंतर से विजेता बनी। दूसरा मैच एफसी दरिमा विरुद्ध फाइटर क्लब मेंड्राकला के मध्य खेला गया। प्रथम हाफ में दोनों टीम कोई गोल नहीं कर सकी। दोनों टीम को बहुत मौका मिला पर गोल में तब्दील नहीं कर सके। दूसरे हाफ में फाइटर क्लब मेंड्राकला ने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए मैच के अंतिम समय में हरिओम ने अपनी टीम के तरफ से 1 गोल कर विजेता बनी। मैच के दौरान रेफरी ललित कुमार, दिनेश तिर्की, आयुष, अंकुश पुनीत, प्रकाश दीपक कुजूर ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

### आज का मैच

इस प्रतियोगिता के तहत बुधवार को दो मैच खेला जाएगा। प्रथम मैच न्यू फ्रेंड्स क्लब कंचनपुर विरुद्ध फुटबॉल क्लब कुन्नी एवं दूसरा मैच एफसी परसोढ़ी विरुद्ध वीसी फुटबॉल क्लब सूरजपुर के मध्य खेला जाएगा।

## सड़क मरम्मत का वीडियो वायरल धंधापुर स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं को कारण बताओ नोटिस जारी



-संवाददाता-
बलरामपुर,02 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।
हायर सेकेंडरी स्कूल धंधापुर के शिक्षक-शिक्षिकाओं को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है. बीते दिनों इन शिक्षकों-शिक्षिकाओं का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें वे सूरजपुर को जोड़ने वाली कच्ची सड़क की मरम्मत करते हुए दिखाई दे रहे थे. उक्त मामला सामने आने के बाद शिक्षा विभाग ने गंभीरता दिखाते हुए संबंधित शिक्षकों से जवाब तलब किया है. जिला शिक्षा अधिकारी डी.एन. मिश्रा ने बताया कि शिक्षकों का यह कृत्य नियमों के विपरीत है. उन्होंने कहा कि नोटिस का जवाब आने के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी. ज्ञात हो कि विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने ग्रामीणों की परेशानी देखते हुए स्वयं पहल कर कच्ची सड़क की मरम्मत की थी. हालांकि अब यह मामला विभागीय स्तर पर चर्चा का विषय बना हुआ है. हालांकि उक्तघटना सामने आने के बाद शासन प्रशासन की काफी किरकिरी भी हुई थी.

## गावं में मचा कोहराम...खेतों में कहर बनकर टूट पड़े हाथी,वन विभाग की नाकामी से तबाही



-संवाददाता-
प्रतापपुर,02 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।
छत्तीसगढ़ के प्रतापपुर क्षेत्र इन दिनों हाथियों के गंभीर आतंक से जूझ रहा है। हाथी दिन-रात कभी भी गांवों में घुसकर जमकर उत्पात मचा रहे हैं। धान, मक्का और अन्य फसलें रौंदकर बर्बाद की जा रही हैं। बावजूद इसके वन विभाग हाथ पर हाथ धरे तमाशबीन बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग न तो हाथी भगाने के लिए पर्याप्त संसाधन जुटा पाया है और न ही पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा मिल रहा है। ग्राम पंचायत सरहरी,करंजवार और सिंगरी में बीते दिनों दो हाथियों ने किसानों की कई एकड़ खड़ी फसलें तहस-नहस कर दीं। झरीराम कुशवाहा, विजय नारायण,मनोहर प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार, शिवप्रसाद सहित कई किसानों की मेहनत एक झटके में मिट्टी में मिल गई। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों से बचाव के लिए विभाग सिर्फ दिखावे की खानापूर्ति कर रहा है।

**रेंजर का गैरजिम्मेदाराना रवैया :** ग्रामीणों ने बताया कि जब रात में हाथी गांव में घुस आए और रेंजर मिश्रा को सूचना दी गई तो उन्होंने टॉर्च और संसाधन उपलब्ध कराने की बजाय गैरजिम्मेदाराना जवाब दिया। उनका कहना था - स्टाफ को 50-60 हजार वेतन मिलता है तो वही लोग इंतजाम करेंगे। इस कथन से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है और उन्होंने रेंजर की कार्यशैली को नाकामी बताते हुए तत्काल हटाने की मांग की है।

## रेस्टोरेंट की बिरयानी में निकला कॉकरोच मामला, खाद्य एवं औषधि विभाग ने की कार्यवाही



-संवाददाता-
अंबिकापुर,02 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।
होटल ग्रांड बसंत रेस्टोरेंट में परोसी गई बिरयानी की गुणवत्ता को लेकर उपभोक्ता द्वारा की गई शिकायत के बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने कार्रवाई की है। गुतुरमा, सीतापुर निवासी उपभोक्ता अमित गुप्ता ने 1 सितंबर को सोशल मीडिया (व्हाट्सअप और फेसबुक) पर एक वीडियो साझा कर आरोप लगाया कि रेस्टोरेंट में परोसी गई वेज बिरयानी में मरा हुआ कॉकरोच निकला। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिला खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने रेस्टोरेंट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तैयार वेज बिरयानी एवं वेज करी के नमूने विधिवत जप्त कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजे गए हैं। प्रयोगशाला रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 के तहत आगे की कार्यवाही की जाएगी।

इसके अलावा,टीम ने पाया कि रसोईघर में कीट प्रबंधन, पानी परीक्षण,कर्मचारियों के स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र एवं व्यक्तिगत स्वच्छता संबंधी मानकों का पालन नहीं किया जा रहा था। इस पर रेस्टोरेंट प्रबंधन को इम्प्रूवमेंट नोटिस जारी किया गया है। नोटिस के जवाब और रिपोर्ट के आधार पर विभाग आगे की कानूनी कार्यवाही करेगा।


## ज्वेलरी शॉप से लाखों के सोना-चांदी और बर्तन पार,जांच में जुटी पुलिस




-संवाददाता-
बलरामपुर,02 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।
जिले के बरियो इलाके में चोरों ने एक ज्वेलरी और बर्तन की दुकान को निशाना बनाकर लाखों रुपए का माल साफ कर दिया। ताला तोड़कर घुसे चोरों ने सोने-चांदी के कीमती जेवरात से लेकर कांस के बर्तनों तक सब लूट लिया। घटना सोमवार रात की है, जो मंगलवार सुबह दुकानदार को पता चली। पुलिस ने छ्ष्टञ्जङ्क फुटेज के आधार पर कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है, लेकिन अभी तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा। मामला राजपुर थाना क्षेत्र की बरियो चौकी का है,जहां स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, बरियो के चारपारा निवासी ओमप्रकाश सोनी की बस स्टैंड के पास कृष्ण ज्वेलर्स नाम से दुकान है। उनके बेटे गौतम सोनी दुकान का संचालन संभालते हैं। सोमवार रात करीब 9 बजे गौतम ने दुकान बंद कर घर लौटे थे। लेकिन रात के अंधेरे में चोरों ने शटर और अंदर की अलमारी का ताला तोड़कर समान पार कर दिया। सुबह आसपास के लोगों ने गौतम को फोन कर बताया कि दुकान का ताला टूटा पड़ा है। मौके पर पहुंचकर गौतम ने जांच की तो पूरा सामान गायब मिला।गौतम सोनी ने बताया, दुकान में रखे 25 ग्राम सोने के जेवरात जैसे मंगलसूत्र,झाला,लॉकेट और अन्य सामान चोरी हो गए। इसके अलावा 5 किलो चांदी के पायल, सिक्के,बर्तन और 25 किलो कांस के बर्तन भी गायब हैं। ग्राहकों ने मरम्मत के लिए दिए सोने-चांदी के जेवर भी चोर ले उड़े। कुल नुकसान लाखों रुपए का है। दुकानदार सदमे में हैं और पुलिस से जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।घटना की सूचना मिलते ही बरियो पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली,जिसमें कुछ संदिग्ध नजर आए। पुलिस ने इन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। हालांकि,अभी तक कोई बड़ा ब्रेकथ्रू नहीं मिला है। इलाके में चोरी की बढ़ती घटनाओं से लोग चिंतित हैं और सुरक्षा बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच तेज कर दी है।

## केते एक्सटेंशन कोल ब्लॉक से रामगढ़ पर्वत को बचाने सीएम को लिखा पत्र

## पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने 6 पृष्ठ का प्रेषित किया पत्र



-संवाददाता-
अंबिकापुर,02 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।
केते एक्सटेंशन कोल ब्लॉक को वनविभाग की अनुज्ञा और इस खदान की वजह से सरगुजा की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर रामगढ़ पर्वत पर उत्पन्न होने वाले संकट को लेकर पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को 6 पृष्ठों का पत्र प्रेषित किया है। डीएफओ सरगुजा द्वारा इस खदान को स्वीकृति देने के लिये जिस 10 बिंदु के स्थल प्रतिवेदन को तैयार किया गया है,उसे शासकीय रिकॉर्ड में मौजूद तथ्यों से खंडित करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री से प्रभु राम के वनवास काल से जुड़े इस महत्वपूर्ण स्थल को बचाने की अपील इस पत्र के माध्यम से की है। अपने पत्र में उन्होंने बताया है कि रामगढ़ पर्वत न केवल प्रभु राम से जुड़ा है। साथ ही यहां संरक्षित धरोहर सीता बेंगरा और जोगीमारा गुफा के साथ विश्व की प्राचीन नाट्यशाला है। इस क्षेत्र का अपना एक पर्यावरणीय प्रभाव और वन्यजीव का आवासीय स्थल है जो इस खदान के 10 किमी के दायरे में है। इस क्षेत्र के उपरोक्त धार्मिक सांस्कृतिक पर्यावरणीय परिस्थितियों को ध्यान रख राजस्थान राज्य विद्युत निगम के द्वारा किए गए सर्वे में इसे केते एक्सटेंशन खदान के 10 किमी की परिधि में बताया था। इसका जो जीपीएस लोकेशन जिसे राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है जिसे गूगल अर्थ से भी सत्यापित किया जा सकता है से अलग जीपीएस लोकेशन बतला कर वन विभाग सरगुजा ने खदान के 11 किमी की परिधि से बाहर बताया है जो गलत है। वन विभाग ने अपनी रिपोर्ट में रामगढ़ पर्वत पर मौजूद राममंदिर का जिक्र नहीं किया है। अपनी रिपोर्ट में वनविभाग ने यह तथ्य भी छुपाया है कि इस खदान के 10 किमी के दायरे में लेमरू प्रोजेक्ट भी है जिसकी स्थापना यहां मानव हाथी संघर्ष को रोकने के लिए की जा रही है। अपने पत्र में सिंहदेव ने लिखा है कि इस क्षेत्र में मौजूद कोयला खदान राजस्थान राज्य विद्युत विभाग के 4350 मेगावाट के विद्युत संयंत्र में कोल आपूर्ति के लिए खोला गया था। इस खदान में अभी भी 350 मिलियन टन कोयला मौजूद है जो राजस्थान राज्य विद्युत आपूर्ति निगम के उपरोक्त पवार प्लांट की आगामी 20 साल की जरूरत को पूर्ण करने के लिए पर्याप्त है। फिर नए खदान को खोल सरगुजा की धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय विरासत पर प्रहार करने औचित्य पर उन्होंने सवाल उठाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में केते एक्सटेंशन खदान को खोले जाने के खिलाफ छत्तीसगढ़ विधानसभा में पारित संकल्प का भी ध्यान दिलाया जिसे भाजपा के विधायकों ने भी समर्थन किया था। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से पत्र के माध्यम से रामगढ़ पर्वत और सरगुजा के पर्यावरण को बचाने के लिए निर्णायक पहल कर निर्णय लेने की मांग की है।

## संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय में दो शोधार्थीयों को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

### प्रियंका सिंह चंदेल एवं अमृता सिंह पीएचडी की उपाधि से सम्मानित



-संवाददाता-
अंबिकापुर,02 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।
संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय,अंबिकापुर ने दो शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि प्रदान की है। प्रियंका सिंह चंदेल को फिक्शनल राइटिंग ऑफ झुंपा लाहिरी ए क्रॉस-कल्चरल पर्सपेक्टिव विषय पर शोध कार्य पूर्ण करने पर पीएचडी दी गई। उनका शोध निर्देशन डॉ. एसएन पाण्डेय,प्राध्यापक,राजीव गांधी शासकीय पीजी कॉलेज,अंबिकापुर द्वारा किया गया। अंग्रेजी साहित्य के क्षेत्र में इस शोध को एक महत्वपूर्ण योगदान माना जा रहा है। प्रियंका वर्तमान में शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या पीजी कॉलेज,अंबिकापुर में सहायक प्राध्यापक के रूप में कार्यरत हैं।

वहीं, अमृता सिंह को कामकाजी महिलाओं की वर्तमान चुनौतियां और समाधान विषय पर शोध कार्य के लिए पीएचडी प्रदान की गई। उनका निर्देशन डॉ. प्रतिभा सिंह, प्राध्यापक, राजीव गांधी शासकीय पीजी कॉलेज,अंबिकापुर ने किया। अमृता का शोध सूरजपुर जिले में महिला सशक्तीकरण, शिक्षा और समाज कल्याण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वे वर्तमान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में व्याख्याता के पद पर कार्यरत हैं। 1 सितंबर को विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति, शोध निर्देशकों एवं विश्वविद्यालय स्टाफ की उपस्थिति में दोनों को शोध प्रबंध पुस्तिका प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# सेशेल्स के पोर्ट विक्टोरिया पहुंचा भारतीय नौसेना का पहला प्रशिक्षण स्क्वाड्रन,मैत्री संबंध होंगे मजबूत





**पोर्ट विक्टोरिया,02 सितम्बर 2025।** भारत और सेशेल्स के बीच समुद्री और मैत्री संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में भारतीय नौसेना के पहले प्रशिक्षण स्क्वाड्रन के जहाज एक सितंबर को सेशेल्स के पोर्ट विक्टोरिया पहुंचे। इन जहाजों में आईएनएस तीर, आईएनएस शार्दूल और सीजीएस सारथी शामिल हैं। विज्ञप्ति के अनुसार, यह स्क्वाड्रन इस समय दक्षिण पश्चिम हिंद महासागर क्षेत्र में लंबी दूरी के प्रशिक्षण अभियान पर है। इसका उद्देश्य युवा नौसैनिकों को प्रशिक्षण देना और मित्र देशों के साथ द्विपक्षीय सहयोग को और गहरा करना है।

**बंदरगाह पहुंचने पर एसडीएफ बैंड ने किया औपचारिक स्वागत :** प्रशिक्षण स्क्वाड्रन के बंदरगाह पहुंचने पर सेशेल्स रक्षा बल (एसडीएफ) बैंड द्वारा औपचारिक स्वागत किया गया, जो दोनों देशों के मजबूत समुद्री संबंधों का प्रतीक रहा।

भारतीय नौसेना के औपचारिक गार्ड और बैंड ने भी जहाजों पर परेड कर समान एकजुटता दिखाई।

### इन अधिकारियों से मुलाकात करेंगे कैप्टन तिजो के. जोसेफ

इस दौरे के दौरान,1टीएस के वरिष्ठ अधिकारी कैप्टन तिजो के. जोसेफ सेशेल्स सरकार के मंत्रालयों के महत्वपूर्ण अधिकारियों, एसडीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों और भारतीय उच्चायोग के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। पोर्ट कॉल के दौरान पेशेवर बातचीत, क्रॉस-डेक विजिट और एसडीएफ कर्मियों के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होंगे। सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सामुदायिक जुड़ाव के तहत योग सत्र, नौसेना बैंड के कार्यक्रम, खेल मुकाबले और सामाजिक गतिविधियां भी होंगी। सेशेल्स में 1टीएस की यह तैनाती वर्ष 2025 में भारतीय नौसेना के जहाजों की तीसरी यात्रा है।

# गाजा सिटी पर बड़े हमले की योजना में इस्राइल,रिजर्व सैनिकों को बुला रहा

**नई दिल्ली,02 सितम्बर 2025।** इस्राइल गाजा सिटी में बड़े सैन्य हमले की तैयारी में है। इसलिए इस्राइल ने हजारों रिजर्व सैनिकों को जुटाना शुरू कर दिया है। साथ ही गाजा सिटी में रहने वाले फलस्तीनियों को निकासी की चेतावनी दी गई है। हालांकि, इस्राइल की इस योजना का अपने ही देश में विरोध हो रहा है। वहीं, विदेशों में भी निंदा हो रही है। इस्राइल गाजा सिटी में बड़े सैन्य हमले की योजना बना रहा है। इसके लिए इस्राइल ने हजारों रिजर्व सैनिकों को जुटाना शुरू कर दिया है। साथ ही वहां रहने वाले लोगों को निकासी चेतावनी दी गई है। इस्राइल के इस कदम को लेकर देश के भीतर विरोध और विदेशों में निंदा हो रही है। सितंबर की शुरुआत में घोषित की गई इस योजना के तहत जमीनी और हवाई हमले और तेज किए गए हैं। उत्तरी और मध्य गाजा के कई हिस्सों में हमले जारी हैं, जिनमें जेतौन और शिजाय्या जैसे इलाके शामिल हैं। ये क्षेत्र पहले भी कई बार इस्राइली सेना के निशाने पर रह चुके हैं। गाजा सिटी का कभी सबसे बड़ा इलाका रहा जेतौन, अब लगभग पूरी तरह वीरान हो चुका है। यहां बाजार, स्कूल और क्लिनिक थे। पिछले एक महीने से यहां लगातार बमबारी हो रही है, जिसके चलते सड़कें खाली हो गई हैं और इमारतें मलबे में तब्दील



हो चुकी हैं। इस्राइली सेना ने पिछले हफ्ते इसे खतरनाक युद्ध क्षेत्र घोषित कर दिया था। गाजा सिटी हमास का राजनीतिक और सैन्य गढ़ माना जाता है। इस्राइल के अनुसार, युद्ध के दौरान कई घुसपैठों के बावजूद यहां अब भी सुरंगों का बड़ा नेटवर्क मौजूद है। यह उत्तरी गाजा में अंतिम शरणस्थलों में से एक है, जहां लाखों नागरिक युद्ध और अकाल के दोहरे खतरों का सामना करते हुए शरण लिए हुए हैं। इस्राइल ने मंगलवार (स्थानीय समयानुसार) को गाजा सिटी में रह रहे फलस्तीनियों को एक बार फिर शहर छोड़ने की चेतावनी दी। इस्राइली सेना के प्रवक्ता अविचाय अद्राई ने कहा कि युद्ध जल्द ही और तेज होगा और सुरक्षित रहने के लिए लोगों को गाजा सिटी के दक्षिण में अस्थायी तंबू शिविर मुवासी में जाना चाहिए।

# जिले भर में धू धू कर जला राहुल गांधी व तेजस्वी यादव का पुतला

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत मां पर अभद्र भाषा का प्रयोग भारत की सभी मातृशक्तियो का अपमान है : रविंद्र भारती







### भाजपा युवा मोर्चा ने किया जबरदस्त विरोध प्रदर्शन

-संवाददाता-
सूरजपुर,02 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिया जी,युवा मोर्चा प्रभारी व बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, सह प्रभारी वैभव बैंस के द्वारा वर्चुअल बैठक में प्राप्त निर्देशन पर टीम युवा मोर्चा जिला सूरजपुर के ऊर्जावान युवा जिला अध्यक्ष रविंद्र भारती के नेतृत्व व भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी के मार्गदर्शन में विगत दिनों बिहार के दरभंगा में कांग्रेस और आरजेडी द्वारा आयोजित वोटर अधिकार यात्रा कार्यक्रम के संयुक्त मंच से घोर निंदनीय शब्दों का उपयोग कर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी की दिव्यांगत माता जी पर अभद्र भाषा (गाली) का प्रयोग कर भारत देश की उन सभी मातृशक्तियो अपमान किया गया। जिसके विरोध में सूरजपुर जिला मुख्यालय के अग्रसेन चौक सहित जिला के सभी मंडलों व ब्लॉक मुख्यालयों पर दोनों संस्कारहीन पार्टियों व उनके स्तरहीन दोनों नेताओं का पुतला जलाकर देश के प्रधानमंत्री व देश की उन सभी मातृशक्ति का



अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान के नारों के साथ गहरी निंदा व्यक्त करते हुए कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद, राहुल गांधी मुर्दाबाद, देजस्वी यादव मुर्दाबाद, आरजेडी मुर्दाबाद की चिलाहहट की शोर के साथ सूरजपुर जिले की युवा शक्तियों के द्वारा सभी स्थानों पर जबरदस्त विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला फूंका गया। जहां काफी संख्या में पुलिस प्रशासन की टीम भी उपस्थिति रही और पुतले में लगी आग को बाल्टी भर भर पानी से बुझाने के साथ ही युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं के साथ काफी धक्का मुक्की कर पुतले को छीनने का भी प्रयास किया गया मगर युवा मोर्चा नेताओं की ठोस घेराबंदी के कारण पुलिस का प्रयास पूर्णतः असफल रहा और घेरे के बीच में कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं आरजेडी नेता तेजस्वी यादव का पुतला धू धू कर जलता रहा जिसपर युवा नेताओं ने विरोध में नारे और जमकर लात जूते भी चलाए। इस दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रविन्द्र भारती, भाजपा जिला महामंत्री राजेश महलवाला, जिला कोषाध्यक्ष थलेश्वर साहू, पूर्व जिला मंत्री शशिकांत गर्ग, जिला मंत्री संदीप अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय अग्रवाल (अज्जू), अध्यक्ष प्रतिनिधि संत सिंह, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष शिवशंकर साहू, श्यामू साहू, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वेद प्रकाश सिंह, मनी बग्गा, नितेश सोनी, आशा मिश्रा, मुकेश साहू, भाजयुमो जिला महामंत्री दुर्गा गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष यशवन्त प्रताप सिंह, युवा मोर्चा जिला मंत्री संस्कार अग्रवाल, अभय तिवारी, शांतनु सिंह चौहान, शनी मिश्रा, आनंद शर्मा, किशन देवांगन, सुरेश सोनी, अवनीश सिंह, संजू सोनी, दिलीप साहू, जितेंद्र शर्मा, आकाश मानिकपुरी, शिवकुमार, मनीष यादव, अंकित सिंह चौहान, प्रिंस साहू, हर्ष गोगने, यश सोनी, मनीष सिंह, शानू साहू, तुषार ठाकुर, ऋषि देवांगन सहित काफी संख्या में भाजपा युवा मोर्चा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गणेश विसर्जन एवं ईद-ए-मिलाद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

## डीजे पर प्रतिबंध का निर्णय,उल्लंघन करने पर होगी कड़ी कार्रवाई



-संवाददाता-
अंबिकापुर,02 सितम्बर 2025(घटती-घटना)।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री विलास भोसकर के मार्गदर्शन में जिले में आगामी गणेश विसर्जन एवं ईद-ए-मिलाद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम सभापति श्री हरमिंदर सिंह टिन्नी, नगर निगम नेताप्रतिपक्ष श्री सफी अहमद, पार्षदगण, अन्य जनप्रतिनिधि, विभिन्न समाज के पदाधिकारी एवं शांति समिति के सदस्य अपर कलेक्टर श्री सुनील नायक, श्री रामसिंह ठाकुर, श्री अमृत लाल ध्रुव,एएसपी श्री अमोलक सिंह ढिल्लो, नगर निगम कमिश्नर श्री डी एन कश्यप एसडीएम श्री फागेश सिन्हा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अपर कलेक्टर एवं एएसपी ने नागरिकों से अपील की कि वे दोनों पर्वों को मिलजुलकर, भाईचारे और सौहार्द के वातावरण में मनाएं। उन्होंने कहा कि सरगुजा की पहचान आपसी एकता और भाईचारे में निहित है, जिसे कायम रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि पर्वों के दौरान चौक-चौराहों, प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस और प्रशासन सतर्क रहेगा। शांति समिति के सदस्यों के अनुरोध एवं सहमति पश्चात बैठक में डीजे बजाने पूर्ण प्रतिबंध लगाए जाने का निर्णय लिया गया है। उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।जुलूस एवं विसर्जन मार्गों पर सुरक्षा बैरिकेडिंग और अग्निशमन दल की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। हुड़दंगियों और कानून तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। बैठक में नगर निगम और संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया कि गणेश विसर्जन घाटों एवं जुलूस मार्गों पर विशेष साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही, यातायात पुलिस को भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त तैनाती करने को कहा गया ताकि यातायात व्यवस्था बाधित न हो। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की कि वे प्रशासन के साथ सहयोग करें, किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और यदि कोई समस्या उत्पन्न होती है तो तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 9479193599 पर संपर्क करें।

# 01 से 07 सितम्बर 2025 तक प्रदेशव्यापी साक्षरता सप्ताह का आयोजन

## उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत जिलेभर में विविध गतिविधियां आयोजित

-संवाददाता-
अंबिकापुर,02 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।




राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण,रायपुर के निर्देशानुसार 01 से 07 सितम्बर 2025 तक प्रदेशव्यापी साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर सरगुजा श्री विलास भोसकर के मार्गदर्शन,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री विनय कुमार अग्रवाल के नेतृत्व तथा जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार झा के निर्देशन में आयोजित हो रहा है। इस साक्षरता सप्ताह का उद्देश्य उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और सभी वर्गों को साक्षरता अभियान से जोड़ना है। साक्षरता सप्ताह के द्वितीय दिवस 02 सितम्बर 2025 को जिले के समस्त शासकीय/अशासकीय स्कूलों, महाविद्यालयों एवं निजी शैक्षणिक संस्थानों में उल्लास कार्यक्रम अंतर्गत कार्यशालाओं, सम्मेलनों एवं सेमिनारों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में एनवीएस, केवीएस, एनवाईकेएस, एनसीसी,एनएस एस, स्काउट एवं गाइड के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। जिला परियोजना अधिकारी श्री गिरीश गुप्ता ने जानकारी दी कि यह सप्ताह न केवल साक्षरता के महत्व को रेखांकित करता है, बल्कि यह समाज के सभी वर्गों को शिक्षित बनाने की दिशा में एक प्रभावी कदम है। उन्होंने बताया कि सप्ताह भर विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम, सांस्कृतिक गतिविधियाँ एवं नवाचार आधारित कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी युवाओं, शिक्षकों तथा स्वयंसेवी संगठनों से इस अभियान में अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि तृतीय दिवस 03 सितम्बर 2025 को जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में साक्षरता संवाद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे,जिसमें किसानों, महिलाओं, युवाओं तथा स्व-सहायता समूहों की विशेष भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

## कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने सरगुजा जिला प्रवास के दौरान विभागीय अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

# शासकीय उद्यान रोपणी, सूकर पालन प्रक्षेत्र, कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र का किया निरीक्षण

-संवाददाता-
अंबिकापुर,02 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।



छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास,कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री श्री रामविचार नेताम ने सरगुजा जिला प्रवास के दौरान मंगलवार को अम्बिकापुर स्थित विश्राम गृह में जिले के आदिवासी विकास विभाग, कृषि एवं अन्य विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर जिले में चल रहे विकास कार्यों और योजनाओं के संबंध में जानकारी ली तथा विस्तारपूर्वक चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में मंत्री श्री नेताम ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन गुणवत्तापूर्ण ढंग के साथ सुनिश्चित किया जाए। विभागीय कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना रहे।बैठक में किसानों के लिए मांग के अनुरूप बीज एवं खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, उन्होंने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने पशुपालन विभाग के अधिकारी से चिकित्सकों एवं अन्य संसाधनों की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी ली तथा कहा कि चिकित्सकों को फील्ड में भेजें। मत्स्य पालन विभाग के अधिकारी से उत्पादन एवं वितरण की जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि किसानों को समय-समय पर प्रशिक्षण हेतु बाहर भेजें, प्रशिक्षण के पश्चात उनका फीडबैक लें। किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित करें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार हो, ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके। आदिवासी विकास विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री श्री नेताम ने आश्रम-छात्रावासों के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली तथा सभी कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण कराए जाने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार आश्रम-छात्रावासों में रंग-रोगन कराया जाए।

# सोलर पंप चोरी करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

-संवाददाता-
घटती घटना,02 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।

बलरामुर जिले के विजय नगर चौकी पुलिस ने क्षेत्र में पम्प चोरी के मामले में लम्बे समय से फरारी काट रहे आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा सलाखों में। जानकारी के अनुसार बलरामपुर जिले के रामानुजगंज थाना क्षेत्र के विजय नगर चौकी में प्रार्थी के द्वारा सोलर पंप चोरी की अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लेने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिस पर चौकी विजयनगर थाना रामानुजगंज में अपराध क्रमांक 114/25 धारा 303 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना दौरान पूर्व में एक आरोपी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई थी। पूर्व में गिरफ्तार आरोपी के पास से चोरी की सामग्री सोलर पंप बरामद किया गया था। आरोपी से पूछताछ पर सह आरोपी के रूप में आरोपी सुशील विश्वकर्मा पिता गिरवर विश्वकर्मा. सा. त्रिकुण्डा,थाना त्रिकुण्डा जिला बलरामपुर का नाम बताया गया था. जिसकी तलाश पुलिस को लंबे समय से थी। प्रकरण में फरार चोरी के आरोपी सुनील विश्वकर्मा को आज सुबह मुखबीर सूचना पर हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया पूछताछ पर आरोपी ने अपराध करना स्वीकार करने पर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।



## शोक सन्देश



केदारनाथ वर्मा

अम्बिकापुर शहर मे 1967 में बने प्रथम आर्केस्ट्रा टीम स्वर संगम के संचालक प्रसिद्ध वायलिन वादक एवं मल्टी परपज हायर सेकेंडरी विद्यालय अम्बिकापुर से सेवानिवृत्त अंग्रेजी विषय के व्याख्याता श्री केदारनाथ वर्मा का बिमारी के कारण दिनांक 2 /9/25 को अपनी निजी निवास गुदरी चौक पर 11 बजे देहान्त हुआ जिन्का दाह-संस्कार शंकर घाट मुक्ति मैं किया गया मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र जीतेन्द्र वर्मा के द्वारा किया गया वे अपने पीछे दो पुत्र दो पुत्री,पोता-पोती नाती-नतनी को छोड़कर चले गए।

# प्रदेशव्यापी हड़ताल से छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई:गुलाब कमरो

## मितानिन बहनों और एनएचएम स्वास्थ्य कर्मियों की जायज मांगों को लेकर गुलाब कमरों ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

### स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई

गुलाब कमरों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने जल्द ही कर्मचारियों और मितानिनों की समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह ठप हो जाएगी। उन्होंने कहा ङ्क ÷शासन अपने चुनावी वादों को पूरा करे, अन्यथा कर्मचारी व मितानिन बहनें और उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगी।

### विपक्षी तेवर तेज

गुलाब कमरों ने प्रदेश सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव 2023 में कर्मचारियों और मितानिनों से नियमितिकरण और संविलियन का वादा किया गया था, मगर अब तक कुछ भी ठोस निर्णय नहीं लिया गया। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि आंदोलनरत कर्मचारियों और मितानिनों की जायज मांगों पर सहानुभूति पूर्ण विचार कर त्वरित कार्रवाई की जाए।

-संवाददाता-
एमसीबी,02 सितंबर 2025
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य व्यवस्था इन दिनों बड़ी संकट में है। प्रदेश की मितानिन बहनों और 16 हज़ार एन.एच.एम. संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा अपनी लंबित मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है, जिससे प्रदेशभर की स्वास्थ्य सेवाएँ पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गई हैं। छत्तीसगढ़ ट्रेड यूनियन काउंसिल के प्रांताध्यक्ष एवं पूर्व विधायक गुलाब कमरों ने इस गंभीर स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर तत्काल समाधान की मांग की है। उन्होंने मितानिन बहनों की 3 सूत्रीय और एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मियों की 10 सूत्रीय मांगों को जायज बताते हुए कहा कि इन मांगों को शीघ्र पूरा किया जाना चाहिए।

गुलाब कमरों ने कहा कि मितानिन बहनों का संघर्ष वर्षों से चला आ रहा है। भाजपा ने 2023 विधानसभा चुनाव में उनके





संविलियन और मानदेय वृद्धि का वादा किया था, लेकिन आज तक वादे पूरे नहीं हुए हैं। यह वादाखिलाफी है और इससे मितानिन बहनों को आंदोलन की राह पकड़नी पड़ी है।

### मितानिन बहनों की प्रमुख मांगें...

1. चुनावी घोषणा पत्र 2023 में किए गए वादे के अनुसार मितानिन,मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर का एनएचएम में संविलियन
2. वेतन क्षतिपूर्ति में 50 प्रतिशत की वृद्धि
3. ठेका प्रथा समाप्त कर एनजीओ के माध्यम से कार्य कराने की व्यवस्था बंद करना

### एनएचएम के 16 हज़ार संविदा कर्मचारी 18 अगस्त 2025 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं,10 सूत्रीय मांगें...

1. संविलियन एवं स्थायीकरण
2. पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना
3. ग्रेड-पे का निर्धारण
4. कार्य मूल्यांकन व्यवस्था में पारदर्शिता
5. लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि
6. नियमित भर्ती में सीटों का आरक्षण
7. अनुकंपा नियुक्ति
8. मेडिकल एवं अन्य अवकाश की सुविधा
9. स्थानांतरण नीति
10. न्यूनतम 10 लाख कैशलेस चिकित्सा बीमा

# खड़गवां हायर सेकेण्डरी स्कूल में चौकीदार की मनमानी...नहीं करता है चौकीदारी

| इस चौकीदार के द्वारा किसी की सत्ता शासन हो इसका जुगाड फिट रहता है? | शासकीय कर्मचारी होने के बाद भी राजनीतिक एवं ग्राम पंचायतों के कार्यो में संलिप्त रहना देखा जा...सकता है ? | क्या जिला शिक्षा अधिकारी इस तरह के कर्मचारियों पर करेंगे कार्यवाही ? |
|---|---|---|




-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवां,02 सितंबर 2025
(घटती-घटना)।

एमसीबी जिले के जनपद पंचायत खड़गवां में प्रशासनिक नियमों की उड़ाई जा रही है धज्जियां यहां हायर सेकंडरी स्कूल का चौकीदार वषों से नहीं कर रहा है चौकीदारी घर में रहकर ले रहा है शासन से तनख्वाह नियुक्ति भी मन चाही जगह में प्राप्त कर कई वर्षो से जमें हुए हैं। जबकि सरकारी नियमों के अनुसार, किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को एक ही स्थान पर लंबे समय तक पदस्थ नहीं रखा जा सकता।

इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी एम सी बी से जानकारी चाही तो उन्होंने कहा कि अपने मेरे संज्ञान में ला दिया है मैं इसकी जांच कर कार्यवाही करूंगा।
आर पी मिरे
जिला शिक्षा अधिकारी

### क्या कहता है नियम

छत्तीसगढ़ शासन के सेवा नियमों के अनुसार, किसी भी सरकारी कर्मचारी या अधिकारी का एक ही स्थान पर वर्षों तक पदस्थ रहना अनुचित माना जाता है। आमतौर पर, कर्मचारियों का 3 से 5 साल के भीतर स्थानांतरण किया जाना आवश्यक होता है, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहे और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की गुंजाइश न रहे। लेकिन खड़गवां हायर सेकंडरी स्कूल में इस नियम को ठेंगा दिखाकर चौकीदार के द्वारा धड़ल्ले से कार्य को अंजाम दिया जा रहा है।

### स्थानीय क्यों चिंतित ?

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इतने लंबे समय तक कार्य पर नहीं आना एक ही स्थान पर पदस्थ रहना कार्यप्रणाली में निष्पक्षता प्रभावित हो सकती है। कई लोग यह भी सवाल उठा रहे हैं कि आखिर किन कारणों से खड़गवां हायर सेकंडरी स्कूल में पदस्थ चौकीदार क्या राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने के कारण स्कूल में चौकीदारी नहीं करता है?

### क्या यह किसी राजनीतिक प्रभाव या फिर विभागीय मिलीभगत का मामला होने के कारण है प्रशासनिक चुप्पी पर उठ रहे सवाल ?

अब देखना यह है कि क्या शासन-प्रशासन इस मामले में कोई ठोस कदम उठाता है या फिर यह मामला भी अन्य शिकायतों की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा? जनता को उम्मीद है कि नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी जल्द ही इस पर उचित कार्रवाही करेंगें ?

# कूड़ेली सरभोका चौक पर स्वर्गीय फलेंद्र सिंह की प्रतिमा होगी स्थापित,परिवार के सदस्यों ने किया भूमिपूजन



-संवाददाता-
कोरिया,02 सितंबर 2025
(घटती-घटना)।

कोरिया जिले के बैकुंठपुर विकासखंड के ग्राम कूड़ेली सरभोका चौक पर स्वर्गीय फलेंद्र सिंह की प्रतिमा स्थापित किए जाने का निर्णय लिया गया है,यह निर्णय परिवार के सदस्यों ने लिया है और निर्णय उपरांत भूमिपूजन भी किया गया,बता दें कि स्वर्गीय फलेंद्र सिंह कोरिया जिले के जिला पंचायत अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा चुके थे वहीं वह राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य भी कुछ समय के लिए थे। वह जिले के उन आदिवासी नेताओं में गिने जाते थे जिनके विचार में सर्वसमाज का हित शामिल हुआ करता था।स्वर्गीय फलेंद्र सिंह द्वेष की राजनीति से परे सहयोग और विकास के लिए ही जाने जाते थे और उनको जानने वाले बताते हैं कि वह राजनीतिक क्षेत्र में वह एक धैर्यवान व्यक्तित्व



के रूप में पहचान रखते थे। स्वर्गीय फलेंद्र सिंह कोरिया जिले के कद्दावर आदिवासी नेता माने जाते थे और वह अपने विचारों से और अपने व्यवहार से लोगों के बीच प्रसिद्ध थे। जिला पंचायत कोरिया का पहला चुनाव वह बराबरी में आकर टॉस में हार गए थे लेकिन उन्होंने दूसरी बार जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी हासिल की और पूरे पांच सालों तक उन्होंने जिले की त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के बेहतर क्रियान्वयन के लिए काम किया। विवादों से उनका कभी नाता नहीं सामने आया वहीं वह विपक्ष के लोगों के बीच भी अपने निर्वाचित कार्यकाल में मधुर संबंध स्थापित करने में सफल रहे। भूमिपूजन अवसर पर परिवार के सदस्यों में बेटे रविंद्र सिंह,अखिलेश सिंह,युवक सिंह सहित दामाद भीम सिंह उपस्थित रहे और विधि विधान से भूमिपूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिला पंचायत कोरिया के पूर्व उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी,पूर्व जनपद सदस्य कमल कांत साहू,पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा धीरेंद्र साहू, विष्णु प्रताप सिंह , विजय सिंह, रूपेश सिंह, विश्वास भगत छत्रपाल राजवाड़े कृपाल राजवाड़े, शिवचरण साहू, एलेग्जेंडर पन्ना एवं सरभोका कुड़ेली के गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे। परिवार के करीबी लोगों ने इस भूमिपूजन अवसर पर पहुंचकर स्वर्गीय फलेंद्र सिंह जी को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

# जनता परेशान,विभाग मौनः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोनोग्राफी सुविधा कब होगी शुरू?



-संवाददाता-
मनेंद्रगढ़,02 सितंबर 2025
(घटती-घटना)।

शहर में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली लगातार लोगों के गुस्से का कारण बन रही है। सबसे गंभीर सवाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोनोग्राफी सुविधा का है,जो आज तक आम नागरिकों को नियमित रूप से उपलब्ध नहीं हो पाई।मशीन है, तकनीशियन नहीं, मरीज लुट रहे प्राइवेट क्लीनिकों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोनोग्राफी मशीन मौजूद है,लेकिन कभी मशीन खराब बता दी जाती है तो कभी तकनीशियन नदारद रहता है। नतीजा यह कि मरीजों को मजबूरी में निजी क्लीनिकों का रुख करना पड़ता है, जहां 1500 रुपये तक की मोटी रकम चुकानी पड़ती है। आम लोगों का आरोप है कि सरकारी सुविधा को जानबूझकर ठप रखा जाता है ताकि निजी क्लीनिकों को फायदा पहुंचे। गर्भवती महिलाओं को छोड़ बाकी मरीज क्यों वंचित? स्थानीय नागरिकों का कहना है कि गर्भवती महिलाओं का महीने में दो बार सोनोग्राफी कर दी जाती है, लेकिन बाकी मरीजों को सुविधा से वंचित रखा जाता है। सवाल यह उठता है कि आखिर स्वास्थ्य विभाग दोहरी नीति क्यों अपना रहा है?

### खाद्य जांच रिपोर्ट दबी फाइलों में, लोग हो रहे बीमार

शहर में पनीर और ड्राई फ्रूट खाने के बाद पेट दर्द,उल्टी और आंतों की तकलीफ के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग ने सैंपल जांच के लिए भेजे तो गए, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई। इससे विभागीय मिलीभगत और लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जनता की मांग सुविधा शुरू हो, रिपोर्ट सार्वजनिक हो शहरवासियों ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से साफ मांग की है कि,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोनोग्राफी सुविधा तुरंत शुरू की जाए।खाद्य जांच रिपोर्ट सार्वजनिक कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए,सबसे बड़ा सवाल विभाग कब जागेगा लोगों का कहना है, अगर मंत्री जी के गृह ज़िले का हाल ऐसा है, तो बाकी राज्य का भगवान ही मालिक है। अब देखना यह है कि स्वास्थ्य विभाग नींद से जागता है या फिर जनता यूं ही लुटती रहेगी।


**कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ0ग0)**
/ / संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रं0 01 //
क्रं0 /पुअ/बल/एसी-1/निविदा/एम/2316/2025 दिनांक 27.08.2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से भण्डार क्रय नियम 2002 छ0ग0 शासन के नियमानुसार पुलिस अधीक्षक कार्यालय बलरामपुर के नाम पर खुली निविदा दर के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है। कोरे भाव पत्रक पुलिस अधीक्षक कार्यालय बलरामपुर से आवेदन प्रस्तुत कर ( आयकर / वाणिज्य कर / चुकता एवं अधिकृत विक्रेता प्रमाण पत्र सहित ) कोरे निविदा प्रपत्र की राशि 0055 पुलिस, 800 अन्य प्राप्तियां के अंतर्गत चालान के माध्यम से जमा कर कार्यालयीन दिवसों में प्राप्त किये जा सकते है । अमानत राशि एफ. डी. आर. के रूप में स्वीकार की जावेगी ।

1. निविदा प्रपत्र ब्रिकी दिनांक - दिनांक 03.10.2025 के कार्यालयीन समय तक ।
2. निविदा प्रपत्र जमा करने का दिनांक -दिनांक 04.10.2025 को सायं 3.00 बजे तक ।
3. निविदा प्रपत्र खोलने का दिनांक - दिनांक 04.10.2025 को सायं 4.00 बजे तक।

| क्र. | स्थान का नाम | कार्य का नाम | प्राप्त बजट आबंटन राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | पुलिस अधीक्षक कार्यालय बलरामपुर | पुलिस अधीक्षक कार्यालय बलरामपुर में वाहन शेड निर्माण कार्य । | 10,53,000/- |

नोट - 1. कार्य के लिये अमानत राशि सारणी अनुसार उक्त कार्य के लिए 31590 /- रूपये का एफडीआर जमा करना होगा । निविदा प्रपत्र का मूल्य 750.00, कार्यावधि 60 दिवस वर्षाकाल सहित है एवं निविदाकर वर्ग डी एवं उससे अधिक का होना अनिवार्य है। निविदा प्रपत्र भारतीय स्टेट बैंक के शाखा में 0055 पुलिस हेड (मिसलेनियस) में चालान कटा होने पर विक्रय किया जावेगा।
2. निविदाएं सीलबंद लिफाफा में प्रस्तुत करना होगा, जिसके भीतर प्रथम लिफाफा में अमानत राशि, द्वितीय लिफाफा में भावपत्र रहेगा । 3. शर्तें एवं जानकारी इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्राप्त करें ।
4. किसी भी प्रकार के वाद की स्थिति में पुलिस अधीक्षक का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा ।

जी नंबर-252603137/1
पुलिस अधीक्षक
बलरामपुर- समानुजगंज



**आम सूचना**

मै रतनी सिंह तंवर, पति स्व. प्रवीण कुमार तंवर, उम्र लगभग 44 वर्ष.निवासी हाउस न. 20 तालाब पारा पचरा जिला कोरबा, छ.ग. का निम्नांकित कथन शपथ पूर्वक करती हूँ कि :-1. मैं शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि मेरी सेवा पुस्तिका में मेरा नाम रतनी सिंह एवं कक्षा 8वीं की अंकसूची में रतनी कुमारी अंकित है।
2. मै शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि मेरे पेन कार्ड, आधार कार्ड, पास बुक, एवं पुलिस आई डी कार्ड में मेरा नाम रतनी सिंह तंवर (RATNI SINGH TANWAR) सही है।
3. मै शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि उपरोक्त परिस्थिति मेरी सेवा पुस्तिका में मान में मेरा नाम रतनी सिंह है, संशोधित उपरांत नाम रतनी सिंह तंवर एवं समस्त दस्तावेज में शासकीय अशासकीय दस्तावेज में मेरा नाम रतनी सिंह तंवर अंकित किया जाये, जिसके समर्थन में शपथ पत्र प्रस्तुत कर रही हूँ।

सत्यापनकर्ता
रतनी सिंह तंवर
हाउस न. 20 तालाब पारा पचरा
जिला कोरबा,छ.ग.



**विज्ञापन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रतापपुर उपवनमण्डल के वनपरिक्षेत्र प्रतापपुर अंतर्गत सर्किल टुकुडांड के ग्राम चाचीडांड़ हाई स्कूल के समीप सड़क मार्ग पर अवैध रूप से कोयला लोड़ कर अवैध परिवहन के आरोप में पिकप वाहन जप्त कर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 12221/ 24 दिनांक 06.04.2020 जारी किया गया। जप्त वाहन के संबंध में जिला परिवहन अधिकारी धमतरी द्वारा जानकारी प्रस्तुत कर उल्लेख किया गया है कि उक्त वाहन क्रमांक सी.जी.05-4619 हीरो होण्डा ( मोटर सायकल) के रूप में पंजीबद्ध है, जिसके वाहन स्वामी श्री भवानी सिन्हा आ0 श्री योगेश्वर सिन्हा, निवासी - अर्जुनी, जिला धमतरी (छ0ग0 ) है ।
अतः उक्त जप्त वाहन को शासन के पक्ष में राजसात की कार्यवाही वन विभाग द्वारा किया जा रहा है। इस हेतु अंतिम अवसर देते हुए सूचित किया जाता है कि उक्त वाहन के संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को अपना पक्ष रखने हेतु विज्ञापन प्रकाशित के 15 दिवस के भीतर कार्यालय में जानकारी देना सुनिश्चित करें ।

जी नंबर-252603158/2
वनमंडलाधिकारी
सूरजपुर,वनमंडल सूरजपुर



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
लोक निमार्ण विभा (भ/स) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर
निविदा आमंत्रण तिथि-25/8/2025
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

01 निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये Log In करे http:eproc.cgstate.gov..in
02. संबंधित संभाग- स.क्रं. 1 से 2 मनेन्द्रगढ़ संभाग
3. स.कं. 1 से 2 - 'द' वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार
04. ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 10/09/2025

| सरल क्र. | एनआईटी क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 174 | उपसंभाग मनेन्द्रगढ़ के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य।(चतुर्थ आमंत्रण) | 40.00 |
| 2 | 175 | उपसंभाग जनकपुर के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य।(चतुर्थ आमंत्रण) | 20.00 |

जी नंबर-252603138/1
अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर



**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा,छत्तीसगढ़**
ईश्तहार
प्रारूप (ख)
रा0प्र0क्र0.../अ-6/2024-25

आवेदक रूपेश कुमार गुप्ता आ0 बिगन गुप्ता जाति तेली निवासी भगवानपुर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम सोनपुरखुर्द प0ह0न0-29 तहसील अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा नम्बर 1/8 रकबा 0.364 हे0 भूमि को पंजीबद्ध विकय पत्र दिनांक 4/4/2025 के माध्यम से बिकेता अनावेदक अमित पाण्डेय आ0 प्रमेश्वर पाण्डेय से क्रय करने के कारण पंजीबद्ध बिकय पत्र के आधार पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र संहिता की धारा 109,110 के तहत प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 15/09 /2025 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 7/8/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी ।

सील
तहसीलदार
अम्बिकापुर,सरगुजा



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रामानुजनगर,जिला-सूरजपुर,छ0ग0**
रा0प्र0क्र0.../अ-2/2024-25
ईश्तहार

एतद द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम कृष्णपुर को सूचित किया जाता है। आवेदिका प्रतिभा रीना टोप्पो पति प्रामिस टोप्पो जाति उरावं निवासी ग्राम कृष्णपुर तहसील रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर (छ0ग0) के द्वारा ग्राम कृष्णपुर तहसील रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर (छ0ग0) मे स्थित भूमि खसरा नम्बर 315/2 रकबा 0.06 हे.भूमि कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपर्वतन किये जाने हेतु आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, बी-1. खसरा, नक्शा, सरगुजा सेटलमेंट व रिनबरिंग सूची की छायाप्रति ग्राम पंचायत कृष्णपुर का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।
अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 31-07-2025 को न्यायलयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 04-07-2025 को न्यायलयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी

सील
अनुविभागीय अधिकारी
(रा0) रामानुजनगर



**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा,छत्तीसगढ़**
ईश्तहार
प्रारूप (ख)
रा0प्र0क्र0.../अ-6/2024-25

आवेदिका मईजुन निशा बेवा अब्दुल रउफ, एवं अन्य 9 निवासी अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर प0ह0न0-15 तहसील अम्बिकापुर स्थित खसरा नम्बर 4451/5, 4452/1 रकबा कमशः 0.0320, 0.1210 कुल प्लाट-2 कुल रकबा 0.1530 हे0 के खातेदार अब्दुल रउफ, अब्दुल खलीक, अब्दुल हसन खलीजा उर्फ खतीजा की मृत्यु हो जाने के कारण खाते से मृतकगण का नाम विलोपित कराकर अपना नाम फौती नामांतरण में दर्ज कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है । उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 15/09/2025 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है । । समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।
आज दिनांक 20/8/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्री से जारी ।

सील
तहसीलदार
अम्बिकापुर,सरगुजा



**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः, 202509020700027**
विषयः-ब-121 मामले की श्रेणीः-
राजस्व सन्:-2024-25
अंबिकापुर प.ह.नं.00015 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरणः-
आवेदक पक्षकार-तैबुननिशा,
अनावेदक पक्षकार-छ0ग0शासन
ईश्तहार

आवेदिका तैबुननिशा पति सरफराज रजा, निवासी हबीबनगर वार्ड क्रमांक 42, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0म0 के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदिका के द्वारा पंजीबद्ध विक्रय पत्र दिनांक 27.07.2004 के माध्यम से ग्राम अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 2525/7 में से रकबा 0.010 हे0 भूमि क्रय किया गया था तथा नामांतरण क्रमाक 278 वर्ष 2003-04 को नामांतरण भी हो चुका है, किन्तु वर्तमान राजस्व अभिलेखों में दर्ज नहीं है। आवेदिका द्वारा उक्त त्रुटि को सुधार किये जोन हेतु निवेदन किया गया है।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 26.09.2025 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/09/2025 को जारी किया जाता है।

सील
उमेश्वर सिंह बाज
तहसीलदार
अंबिकापुर,सरगुजा

# क्या छात्र हित महाविद्यालय हित से ऊपर हो गया राजनेताओं का अहम

# जिले के छात्रों का भविष्य क्या उनके लिए अहम नहीं ?



## महाविद्यालय की भूमि पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निर्माण अब राजनीतिज्ञों के लिए राजनीतिक मुद्दा बन गया

## कांग्रेस ने किया विरोध,भाजपा विधायक के बाद अब भाजपा जिलाध्यक्ष आए पुलिस अधीक्षक कार्यालय निर्माण के पक्ष में

## क्या महाविद्यालय परिसर में एसपी ऑफिस बनाना जिला प्रशासन की मजबूरी,जबकि नालंदा परिसर के लिए उपयुक्त है जगह?

## क्या जिला प्रशासन ने गुपचुप तरीके से किया जमीन का आबंटन,अब हो रहा विरोध?

-रवि सिंह-

कोरिया,02 सितंबर 2025 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले में नए पुलिस अधीक्षक कार्यालय के निर्माण का मामला अब राजनीतिज्ञों के लिए राजनीतिक मुद्दा बन गया है। विपक्ष अब मामले में सामने से आकर महाविद्यालय परिसर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय निर्माण का विरोध करने लगा है वहीं अब सत्तापक्ष मामले में पुलिस अधीक्षक कार्यालय निर्माण के पक्ष में खड़ा है और वह नए किसी निर्माण में बाधक बनने की बजाए निर्माण में सहयोगी बनकर साथ निभाने की बात कर रहा है। एक तरफ दो-दो महाविद्यालय प्रबंधन मामले में महाविद्यालय परिसर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय निर्माण का विरोध कर चुके हैं,एबीवीपी छात्र संघ विरोध दर्ज कर चुका है छात्र-छात्राओं का उन्हें समर्थन है विपक्षी दल कांग्रेस भी विरोध में ताल ठोक रही है वहीं सत्तापक्ष खुलकर निर्माण के पक्ष में और वह कई तर्क और तथ्यों के साथ इसे एक विकास से जुड़ा मामला बता रहा है। अब पूरे मामले में विरोध और समर्थन की राजनीति से इतर यदि बात की जाए समीक्षा की जाए तो पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लिए महाविद्यालय परिसर का चयन सही है यह कहना बेहद जल्दबाजी होगी और यदि इस हिसाब से भी यदि इस निर्णय को समर्थन देने की बात की जाए जैसा भाजपा जिलाध्यक्ष का एक बयान सामने आया है जिसमें उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को पुराने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में व्यवस्थित किए जाने की बात की है तब भी महाविद्यालय परिसर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के निर्माण का पक्ष कमजोर नजर आयेगा क्योंकि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय भी शिक्षा से जुड़ा एक कार्यालय है जिसकी पहचान जिला बनने से पहले की है और तब यह कार्यालय बैकुंठपुर को शैक्षणिक जिले की मान्यता देने स्थापित था और संयुक्त कोरिया जिले के लिए तब का एक जिला कार्यालय था जब सरगुजा से भी जिले का विभाजन नहीं हुआ था यह कार्यालय महाविद्यालय भवन निर्माण के पहले का कार्यालय होने का भी गौरव रखता है जिससे हजारों शिक्षकों की एक आस्था जुड़ती है जिले की यह कहना भी कहीं से अतिश्योक्तिपूर्ण नहीं होगा। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के लिए भवन और स्थान तलाश या चयन के विकल्प की तलाश कहीं से सही निर्णय नहीं कहा जाएगा। वैसे बात विकास और निर्माण के जोड़कर कही गई है यह एकमात्र विषय को ही महत्व देते हुए यदि निर्णय हो जाता है तो सही गलत कहना सही होगा। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लिए भूमि तलाश का विषय इतना गंभीर होगा यह लगता नहीं था जो अब लगने लगा जब भवन के लिए भूमिपूजन होते ही उत्पन्न जन विरोध से सामने आ रहा है। वैसे मामले में सत्ता पक्ष और प्रशासन अडिग है और बात अब अहम की है ऐसा समझ में आने लगा है वहीं विपक्ष भी राजनीतिक रोटी सेंकने सामने आ चुका है और छात्र और शिक्षा हित सर्वोपरि का नारा देकर वह अपना विरोध दर्ज कर चुका है वैसे अंतिम निर्णय निर्माण का होगा या फिर निर्णय परिवर्तित होगा यह देखने वाली बात होगी।

### विधायक ने महाविद्यालय परिसर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के निर्माण के निर्णय को जायज ठहराया

बैकुंठपुर के भाजपा विधायक ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लिए भूमि चयन और कार्यालय निर्माण को सही बताया है,उन्होंने कहा है कि बात विकास की है और जिला प्रशासन का निर्णय कहीं से गलत नहीं है,पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निर्माण जिला प्रशासन का एक विकास से जुड़ा निर्णय है जिले के और इसका विरोध अनुचित है। विधायक के बयान से और उनके भूमिपूजन अवसर पर दिए वक्तव्य से जिसमें उन्होंने जिले के कलेक्टर की तारीफ करते हुए विकास की पर्याय उन्हें बताया था यह तय है कि विधायक मामले में अडिग हैं और वह पुलिस अधीक्षक कार्यालय निर्माण के पक्ष में हैं जो महाविद्यालय परिसर में बन रहा है।

### विपक्ष ने कहा हम न्यायालय तक की लड़ाई में छात्रों के रहेंगे साथ

पूरे मामले में राजनीति भी शुरू हो चुकी है,कांग्रेस ने पूरे मामले में प्रेस कॉन्फ्रेंस की और एक बयान जारी करते हुए पूर्व विधायक सहित जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह निर्णय सही नहीं है,पूर्व विधायक ने कहा कि महाविद्यालय की भूमि पर जिला चिकित्सालय बनाए जाने का प्रस्ताव उनके कार्यकाल में सामने आया था तब उन्होंने उसे कंचनपुर में




स्थापित करने का निर्णय केवल छात्र और शिक्षा हित में लिया था। महाविद्यालय के भवन जिसमें आज कक्षाएं संचालित हैं उन भवनों को तोड़कर पुलिस अधीक्षक कार्यालय बनाया जाना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले में कांग्रेस पार्टी छात्रों के साथ है और वह छात्रों के साथ राज्यपाल,मुख्यमंत्री और न्यायालय तक जाने के मामले में साथ हैं और वह एक स्वर में इस निर्णय का विरोध करते हैं। प्रमुख विपक्षी दल के सामने आते ही मामला राजनीतिक हो चुका है और यह मामला अब कहीं न कहीं राजनीतिक मुद्दा भी बनेगा जो तय है।

### जिला प्रशासन निर्णय मामले में अडिग

पूरे मामले में जिला प्रशासन अपने निर्णय को बदलने के विचार में नहीं है,ऐसा सूत्रों से पता चल रहा है कि जिला प्रशासन निर्णय को लेकर अडिग रहने वाला है क्योंकि लिया जा चुका निर्णय बदले जाने पर जिला प्रशासन की छवि धूमिल होगी। जिला प्रशासन के अडिग रहने की स्थिति में महाविद्यालय परिसर में बनने जा रहे नए पुलिस अधीक्षक कार्यालय के विरोध का मामला और जोर पकड़ सकता है और यह यदि जोर पकड़ने वाला विषय बनता है और और भी आगे राजनीति इसमें देखने को मिल सकती है।

### महाविद्यालय की स्थापना और जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का अस्तित्व पर एक नजर...

शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव महाविद्यालय की स्थापना बैकुंठपुर में सन 1982 को हुई थी और इसे बीटीआई के पुराने भवन में इसे सबसे पहले स्थापित किया गया था, बैकुंठपुर का जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय जैसा लोग बताते हैं यह 1978 के आसपास बैकुंठपुर को शैक्षणिक जिले का दर्जा देने स्थापित किया गया था और तभी से इसका कार्यालय है वहीं था। कुल मिलाकर महाविद्यालय और जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में से पुराना अस्तित्व जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का है उसके बाद यहां महाविद्यालय का अस्तित्व सामने आया। अब यदि महाविद्यालय के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय केवल इसलिए स्थानांतरित किया जाता है अन्यत्र की वहां पुलिस अधीक्षक कार्यालय बनाया जाएगा तो इसको लेकर भी आगे विरोध दर्ज होता नजर आयेगा जो शिक्षा विभाग के अस्तित्व और उसकी पहचान से जुड़ा विषय होगा।

### प्रशासन ने आबंटन के पूर्व यह भी नहीं सोचा कि भविष्य में उच्च शिक्षा की बढ़ोतरी कैसे होगी

कोरिया जिले के 27 वर्ष बाद बनने जा रहे पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लिए आबंटित जमीन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है, विवाद इसलिए की जिला प्रशासन ने आंख मूंदकर महाविद्यालय के पास की जमीन को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लिए आवंटित कर दिया है। ज्ञात हो कि पिछले दिनों जनप्रतिनिधियों समेत आला अधिकारियों की मौजूदगी में बैकुंठपुर शहर के ओड़गी नाका स्थित शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर के एक हिस्से में रिक्त भूखंड पर नए पुलिस अधीक्षक कार्यालय निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया है भूमिपूजन के बाद से ही जगह को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया है। इस जगह को जिला प्रशासन ने आवंटित किया है ऐसा बतलाया जाता है, विडंबना है कि प्रशासन ने आबंटन के पूर्व यह भी नहीं सोचा कि भविष्य के उच्च शिक्षा की बढ़ोत्तरी की दृष्टि से यह जगह पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लिए सही नहीं है।





### भूमिपूजन के बाद शुरू हुआ विवाद,होने लगा विरोध

पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लिए भूमिपूजन के बाद जैसे ही यह खबर लोगो को लगी सभी ने एक स्वर से विरोध करना शुरू कर दिया,छात्र छात्राओं समेत महाविद्यालय प्रबंधन ने भी जगह को लेकर एतराज जताया है तो वहीं अलग अलग छात्र संगठनों से लेकर भूतपूर्व छात्र छात्राओं,शहरवासियों एवं जनप्रतिनिधि भी इसके खिलाफ हो गए हैं।

### नालंदा परिसर के लिए उपयुक्त है जगह

जिस जगह पर पुलिस अधीक्षक बनाया है वह जगह वास्तव में किसी भी रूप में उपयुक्त नहीं है,जबकि जैसी जानकारी मिली है कि शहर में मानस भवन के बगल में खाली पड़े जमीन को नालंदा परिसर के लिए चिन्हित किया गया है उस जगह पर भी पुलिस अधीक्षक कार्यालय बनाया जा सकता है और कॉलेज के बगल में जिस जमीन को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लिए आबंटित किया गया है वहां पर नालंदा परिसर बनकर एजुकेशन हब के रूप में विकसित किया जा सकता है।

### जन विरोध में विधायक गुट की जिला पंचायत सदस्य सौभाग्यवती सिंह ने भी समर्थन दिया

महाविद्यालय परिसर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय का विरोध अब जन विरोध बन चुका है,इस विरोध में जिले के साथ ही जिला मुख्यालय के अधिकांश लोग शामिल हो चुके हैं जिसमें अब निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का भी विरोध शामिल नजर आ रहा है,इस विरोध में अब बैकुंठपुर विधायक के गुट की जिला पंचायत सदस्य सौभाग्यवती सिंह भी शामिल हो गई हैं और उन्होंने कलेक्टर कोरिया को पत्र लिखकर इस विषय में निर्णय बदलने का अनुरोध किया है, सौभाग्यवती सिंह का विरोध में शामिल होना एक तरह से बड़ा आश्चर्य भी है क्योंकि वह विधायक गुट की एक प्रबल सदस्य मानी जाती हैं और वह तब इस विरोध में शामिल हो रही हैं जब विधायक निर्णय को दूसरी बार सही ठहरा चुके हैं। कुल मिलाकर अब विरोध बढ़ता ही नजर आ रहा है और विधायक गुट भी इसमें शामिल होकर छात्र हित में आवाज उठा रहा है।

### छात्र विरोध में अब उग्र आंदोलन की तैयारी में...विरोध दर्ज करने जुटे छात्र-छात्रा

महाविद्यालय परिसर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय निर्माण का विरोध छात्र संघ एबीवीपी ने भी किया है ज्ञापन देकर निर्णय नहीं बदले जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी उन्होंने दी है,इसी क्रम में छात्र छात्राओं ने एकजुट होकर नारेबाजी करते हुए पुनः जिला प्रशासन को चेताया है कि यदि निर्णय नहीं बदला जाता है तो शांत नहीं बैठने वाले छात्र और उग्र आंदोलन वह करने बाध्य होंगे,छात्रों ने शिक्षक दिवस सहित महाविद्यालय की कक्षाओं के बहिष्कार का भी निर्णय लिया है। पूरे मामला अब एक आंदोलन को जन्म देता नजर आ रहा है जिसमें छात्रों सहित जिला मुख्यालय के लोग शामिल होते नजर आ रहे हैं।

### जिला प्रशासन क्या इस मामले में अडिग रहने वाले निर्णय पर अटल रहेगा या छात्र और महाविद्यालय हित में निर्णय बदलेगा?

पूरे मामले में जिला प्रशासन क्या निर्णय आगे लेता है वह देखने वाली बात होगी,जिला प्रशासन क्या अपने निर्णय पर अडिग रहकर इस आंदोलन को जन्म लेने देगा जो महाविद्यालय परिसर की भूमि पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय निर्माण के विरुद्ध जन्म लेने तैयार है यह अपना हठी रवैया छोड़कर वह निर्णय बदल देगा और महाविद्यालय परिसर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के निर्माण के निर्णय में वह बदलाव करेगा। माना जा रहा है जिला प्रकाशन अडिग ही रहने वाला है क्योंकि यह निर्णय बदलने से उन्हें खुद की हार नजर आ रही है और वह हार स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं।

### छात्र संघ द्वारा ज्ञापन सौंपने के दौरान ही तहसीलदार ने प्रशासन के रुख से अवगत कराने का किया है प्रयास

पूरे मामले में जिला प्रशासन अडिग रहने वाला है यह आभास तहसीलदार बैकुंठपुर ने पहले ही करा दिया है छात्र संघ एबीवीपी सहित छात्र छात्राओं को उन्होंने ज्ञापन दिवस ही जिस तरह का व्यवहार छात्र छात्राओं से जिला कार्यालय के सामने किया वह बताता है कि प्रशासन कितना नाराज है विरोध से,छात्र छात्राओं को कानून का ही पाठ पढ़ाने लगी थीं तहसीलदार और एक तरह से उन्होंने धमकी देने और छात्रों को डराने का भी प्रयास किया था। बाद में भले उन्होंने ज्ञापन स्वीकार किया लेकिन उनकी आलोचना छात्र छात्रा करते सुने गए और उन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्था में एक अधिकारी के इस रवैए के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए यह भी कहा कि क्या शांतिपूर्ण ढंग से छात्र अपनी बात भी जिलाधीश के समक्ष नहीं रख सकते क्या तहसीलदार की नजर में छात्र अपराधी हैं।

### विधायक के बयान के बाद उग्र हो रहे लोग

बैकुंठपुर विधायक ने विरोध जारी होने उपरांत एक बयान दिया जिसमें उन्होंने निर्णय को सही ठहराया,अब उनके बयान की निंदा हो रही है,लोग विधायक के बयान को यह कहकर गलत बता रहे हैं कि आने वाली पीढ़ी के छात्र छात्राओं के भविष्य के हिसाब से यह निर्णय सही नहीं है,लोग महाविद्यालय परिसर में अध्ययन अध्यापन सम्बंधी ही किसी निर्माण की आवश्यकता समझते हैं उनके अनुसार विधायक अपने निर्णय को थोपना चाहते हैं और वह केवल इसलिए ऐसे बयान दे रहे हैं जिससे उन्हें जिला प्रशासन से विरोध न लेना पड़े।

### दो महाविद्यालय प्राचार्यों ने भी पुलिस अधीक्षक कार्यालय निर्माण का किया विरोध

जिले के दो शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्यों ने सार्वजनिक रूप से यह मांग की है कि जिले के अग्रणी महाविद्यालय परिसर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय न बनाया जाए,यह अनुरोध उन्होंने जनभागीदारी अध्यक्षों से भी किया है और साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन से भी ऐसी ही अपेक्षा जाहिर की है वहीं महाविद्यालय परिसर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय बनाए जाने का विरोध एक जन विरोध स्वरूप भी नजर आ रहा है और जिले के साथ ही जिला मुख्यालय के अधिकांश लोग इस विरोध में शामिल हैं वहीं एबीवीपी छात्र संघ ने तो ऐसा होने पर उग्र आंदोलन की भी चेतावनी दे डाली है,इन विरोधों और अनुरोध के बावजूद जिले के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन अभी भी इस बात पर अड़ा है कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लिए जो भूमि चुनी गई है वह सही निर्णय है और महाविद्यालय परिसर में ही पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निर्माण तय है। जनविरोधी साथ ही प्राचार्यों का अनुरोध वहीं एबीवीपी द्वारा दी गई उग्र आंदोलन की चेतावनी को नजर अंदाज किए जाने के पीछे की वजह शायद सम्मान खुद के निर्णय का बचाया जाना कहा जा सकता है और इसी प्रयास में जिला प्रशासन और निर्वाचित जनप्रतिनिधि लगे हुए हैं। वैसे कोरिया जिले में नालंदा परिसर की भी घोषणा हुई है,नालंदा परिसर एक शैक्षणिक सुविधाओं खेल सहित विभिन्न शिक्षण सहयोगी गतिविधियों की सुविधा प्रदान करने वाली संस्था होगी जो जिले को पहले स्वास्थ्य मंत्री बाद में मुख्यमंत्री की घोषणा उपरांत एक उपलब्धि बतौर मिली है और क्यों नहीं नालंदा परिसर की ही स्थापना महाविद्यालय परिसर में कर दी जा रही है यह बड़ा सवाल है। नालंदा परिसर जिले में यदि महाविद्यालय परिसर में स्थापित किया जाए वहीं उसका भवन बनाया जाए यह एक बेहतर निर्णय लेकर आखिर क्यों नहीं जिला प्रशासन और निर्वाचित जनप्रतिनिधि पूरे मामले का पटाक्षेप कर देते हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लिए वह भूमि भी दी जा सकती है जो नालंदा परिसर के लिए चिन्हांकित की गई है,पूरे मामले में यह निर्णय ही बेहतर निर्णय माना जाएगा। महाविद्यालय परिसर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निर्माण न हो यह एक जन आवाज का विषय बन चुकी है और यह निर्णय कहीं न कहीं लोगों के लिए शिक्षा क्षेत्र की सुविधाओं में उसे प्राप्त सहूलियतों में एक रुकावट मानी जा रही है जिस मानसिकता को दूर करने की लिए यही अच्छा होगा कि नालंदा परिसर महाविद्यालय परिसर में बना दिया जाए।

### भाजयुमो ने कलेक्टर कोरिया को दिया ज्ञापन,पुलिस अधीक्षक कार्यालय के नवीन भवन निर्माण को गति देने की



भाजयुमो कोरिया ने इस मामले में कलेक्टर कोरिया को ज्ञापन सौंपकर नए पुलिस अधीक्षक कार्यालय के निर्माण को गति देने की मांग की है,उन्होंने महाविद्यालय परिसर में बनने जा रहे नए पुलिस अधीक्षक कार्यालय का समर्थन किया है और उन्होंने यह भी कहा है कि जिलाध्यक्ष भाजपा ने निर्देश पर जिला प्रशासन के इस निर्णय के साथ हैं वह और वह चाहते हैं कि जल्द से जल्द नए पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निर्माण आरंभ किया जाए।



### निर्माण के विरुद्ध जाना सही नहीं, महाविद्यालय को मिलेगी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की भूमि,जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय होगा अन्यत्र स्थानांतरित:देवेंद्र तिवारी जिलाध्यक्ष भाजपा

मामले में भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी का भी बयान सामने आया है,उन्होंने एक सोशल मीडिया बयान जारी किया है और उन्होंने इसके माध्यम से एक अपील जारी की है जिसमें वह किसी नव निर्माण को सहयोग देने अपील कर रहे हैं और इसे विकास से जुड़ा मामला बता रहे हैं। उन्होंने बयान में कहा है कि कांग्रेस शासनकाल में जिले का विभाजन हुआ जो एक जिले के हिसाब से बेहद नुकसानदायक निर्णय साबित हुआ अब नए पुलिस अधीक्षक कार्यालय के निर्माण का मामला विरोध में नहीं जाना चाहिए,विकास में बाधक नहीं साधक सहयोगी बनना चाहिए उन्होंने कहा कि महाविद्यालय परिसर की भूमि पर बनने वाला पुलिस अधीक्षक कार्यालय कतई महाविद्यालय विस्तार को प्रभावित नहीं करेगा महाविद्यालय की आवश्यकताओं के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के भवन की भूमि उपलब्ध कराई जाएगी क्योंकि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय भी भविष्य में नए कार्यालय में स्थानांतरित होगा जो पुराने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समीप या उसी भूमि के भवन की जगह बनाया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष ने बैकुंठपुर विधायक और जिला प्रशासन के निर्णय को उचित और विकास से प्रेरित बताते हुए नव निर्माण में सहयोग की अपेक्षा सामने रखी।

# ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय से लिया संन्यास

**नई दिल्ली,02 सितम्बर 2025 (ए)।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। 35 साल के स्टार्क ने यह फैसला टेस्ट और 2027 में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप पर फोकस करने के लिए लिया है। उन्होंने आखिरी टी-20 मुकाबला 2024 में वर्ल्ड कप में खेला था।




### टी-20 करियर का शानदार सफर

स्टार्क ने 65 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले, जिनमें उन्होंने 79 विकेट लिए। वे ऑस्ट्रेलिया के लिए टी-20 में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनका बेस्ट परफॉर्मेंस 2022 में वेस्टइंडीज के खिलाफ (4 विकेट) रहा।स्टार्क 2021 में श्व में हुए टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा रहे। उन्होंने कहा, मैंने ऑस्ट्रेलिया के लिए हर टी-20 मैच का लुत्फ उठाया, खासकर 2021 वर्ल्ड कप का,न सिर्फ जीत की वजह से, बल्कि उस शानदार टीम और उस दौरान की मस्ती की वजह से।

**सिलेक्शन कमेटी के अध्यक्ष ने स्टार्क की तारीफ :** सिलेक्शन कमेटी के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने स्टार्क के टी-20 करियर की तारीफ की और कहा, मिचेल को अपने टी-20 करियर पर गर्व होना चाहिए। वह 2021 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का अहम हिस्सा थे। उनकी विकेट लेने की काबिलियत ने कई बार मैच का रुख पलटा। हम सही समय पर उनके टी-20 करियर को सम्मान देंगे, लेकिन यह खुशी की बात है कि वह टेस्ट और वनडे क्रिकेट में लंबे समय तक खेलना चाहते हैं।

**ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 का ऐलान किया :** स्टार्क के संन्यास की घोषणा के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अक्टूबर में होने वाली तीन टी-20 मैचों की सीरीज के लिए टीम की घोषणा की है। इस दौरे पर कैमरन ग्रीन नहीं होंगे, क्योंकि वह शेफील्ड शील्ड के पहले राउंड में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलेंगे। नाथन एलिस भी नहीं खेलेंगे। मैट शॉर्ट, जो हाल ही में चोट के कारण वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज नहीं खेल पाए थे और मिशेल ओवेन, जो पिछले महीने डार्विन में कन्कशन का शिकार हुए थे, की टीम में वापसी हुई है।

### टेस्ट और वनडे पर फोकस करेंगे

स्टार्क ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट हमेशा उनकी पहली प्राथमिकता रहा है। 2026 में ऑस्ट्रेलिया का टेस्ट शेड्यूल काफी व्यस्त है, जिसमें बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज, साउथ अफ्रीका का दौरा, न्यूजीलैंड के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की सीरीज, जनवरी 2027 में भारत में पांच टेस्ट, इंग्लैंड के खिलाफ मेलबर्न में 150वीं सालगिरह का एक स्पेशल टेस्ट, और फिर 2027 में इंग्लैंड में एशेज सीरीज शामिल है। इसके अलावा, अक्टूबर-नवंबर 2027 में साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में वनडे वर्ल्ड कप होगा, जिसमें ऑस्ट्रेलिया मौजूदा चैंपियन के रूप में उतरेगा। स्टार्क ने कहा, भारत में टेस्ट दौरे, एशेज और 2027 वनडे वर्ल्ड कप को देखते हुए, यह फैसला मुझे इन बड़े टूर्नामेंट्स के लिए तरोताजा और फिट रहने में मदद करेगा। साथ ही, इससे नई गेंदबाजी इकाई को अगले टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारी का समय भी मिलेगा।

## आसिफ अली ने इंटरनेशनल क्रिकेट से लिया संन्यास




**नई दिल्ली,02 सितम्बर 2025 (ए)।** पाकिस्तान के मिडिल ऑर्डर बैटर आसिफ अली ने 33 साल की उम्र में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। हालांकि वे डोमेस्टिक क्रिकेट और दुनिया भर की फ्रेंचाइजी लीग में खेलना जारी रखेंगे। आसिफ ने 21 वनडे और 58 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले। उन्होंने 2021 टी-20 वर्ल्ड कप में अफगानिस्तान के खिलाफ सात गेंदों में 25 रन की तूफानी पारी खेल कर पाकिस्तान को जीत दिलाई। आसिफ ने सोशल मीडिया पर अपने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा, पाकिस्तान की जर्सी पहनना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है और क्रिकेट के मैदान पर अपने देश की सेवा करना मेरा सबसे गर्व भरा अध्याय रहा है।

### विश्वास और समर्थन के लिए धन्यवाद

आसिफ ने आगे लिखा, मेरे प्रशंसकों, साथियों और कोचों, हर उतार-चढ़ाव में आपके प्यार, विश्वास और समर्थन के लिए धन्यवाद। मेरे परिवार और दोस्तों, जो खुशी के पलों में और मुश्किल हालातों में, जिसमें वर्ल्ड कप के दौरान मेरी प्यारी बेटी का निधन भी शामिल है, मेरे साथ खड़े रहे, आपकी ताकत ने मुझे आगे बढ़ाया।

### 2023 से इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर हैं

आसिफ ने पाकिस्तान के लिए 58 टी-20 इंटरनेशनल 577 रन बनाए। 21 वनडे में उन्होंने 25.46 की औसत से 382 रन बनाए जिसमें तीन अर्धशतक शामिल हैं। पाकिस्तान के लिए उन्होंने आखिरी वनडे अप्रैल 2022 में लाहौर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था जबकि अपना अंतिम इंटरनेशनल मैच उन्होंने अगस्त 2023 में एशियन गेम्स में बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 फॉर्मेट में खेला।

## शुभमन गिल को मेरिट के आधार पर नहीं इस वजह से एशिया कप की टीम में चुना




**नई दिल्ली,02 सितम्बर 2025 (ए)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने 19 अगस्त को एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम की घोषणा की थी, लेकिन अभी भी प्लेयर्स के चयन को लेकर चर्चा जारी है। सबसे बड़ा सवाल ये है कि शुभमन गिल की टी20 टीम में वापसी और उन्हें सलामी बल्लेबाज बनाए जाने पर संजू सैमसन का भविष्य क्या होगा? श्रेयस अय्यर और यशस्वी जायसवाल को टीम से बाहर क्यों किया गया? ऐसे ही कुछ ज्वलंत प्रश्न हैं, जिनके शायद सेलेक्टर्स के पास जवाब नहीं हैं। इसी बीच पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने गिल के चयन को लेकर बड़ा खुलासा किया है।

**मार्केटिंग और व्यावसायिक दृष्टिकोण के चलते गिल को चुना**

केकेआर में गिल के साथ ड्रेसिंग रूम शेयर कर चुके रॉबिन उथप्पा ने खुलासा किया है कि भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को मुख्य रूप से मार्केटिंग और व्यावसायिक दृष्टिकोण के चलते एशिया कप 2025 के लिए टीम इंडिया में चुना गया है। इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में भारत का शानदार नेतृत्व करने और लाल गेंद के क्रिकेट में रन मशीन होने के बाद गिल को भारतीय टी20 टीम में जगह मिली है।

## बिना स्पॉन्सर वाली जर्सी पहन टीम इंडिया को खेलना पड़ेगा एशिया कप,यह नियम बन गया रोड़ा



**नई दिल्ली,02 सितम्बर 2025 (ए)।** एशिया कप 2025 के शुरुआती मैचों में भारतीय टीम बिना किसी स्पॉन्सर के लोगो वाली जर्सी पहनकर खेल सकती है। मंगलवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने नए स्पॉन्सर की तलाश के लिए आवेदन भेजा है, जिसमें इंट्रेस्ट दर्ज कराने की आखिरी तारीफ 12 सितंबर है। इसके लिए 5 लाख रुपए भी जमा करने होंगे। 16 सितंबर 2025 या उसके बाद कभी भी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड नए स्पॉन्सर का ऐलान कर सकता है। इसके पहले भारतीय टीम को 2 मैच खेलने होंगे। टीम इंडिया एशिया कप 2025 में अपने अभियान का आगाज 10 सितंबर को करेगी। इसके बाद 14 सितंबर को उनका दूसरा मुकाबला होगा। भारतीय टीम पहले यूएई और फिर पाकिस्तान से भिड़ेगी। यानी दोनों शुरुआती मुकाबलों में भारतीय टीम की जर्सी पर किसी भी स्पॉन्सर का लोगो नहीं होगा। इसकी वजह ये है कि बोर्ड ने खुद ऐलान किया है कि ब्रैंड्स 12 सितंबर तक अपना इंट्रेस दर्ज कराएंगी और 16 सितंबर को मुख्य प्रायोजक का ऐलान होगा। ऐसे में ओमान के ओमान के खिलाफ टीम इंडिया स्पॉन्सर वाली जर्सी पहनकर मैदान पर उतर सकती है।

## जिम्बाब्वे की टी-20 टीम में ब्रेंडन टेलर की वापसी

### स्क्वॉड में शॉन विलियम्स को भी जगह,श्रीलंका से 3 मैच खेलेगी टीम

**नई दिल्ली,02 सितम्बर 2025 (ए)।** श्रीलंका के खिलाफ 3 टी-20 की सीरीज के लिए जिम्बाब्वे ने 16 प्लेयर्स का स्क्वॉड रिलीज कर दिया है। आईसीसी से 4 साल का बैन झेलने के बाद वनडे और टेस्ट टीम में वापसी करने वाले विकेटकीपर बैटर ब्रेंडन टेलर को टी-20 टीम में भी जगह मिल गई। वहीं 2024 में आखिरी टी-20 खेलने वाले ऑलराउंडर शॉन विलियम्स ने भी टीम में जगह बना ली।




**टेलर ने 2021 में आखिरी टी-20 खेला था :** विलियम्स ने जिम्बाब्वे के लिए आखिरी टी-20 मैच मई 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था। उनके नाम 81 टी-20 मैचों में 1691 रन बनाने के साथ 48 विकेट लेने का रिकॉर्ड भी है। उन्होंने 2006 में ही टीम के लिए टी-20 डेब्यू कर लिया था। 39 साल के टेलर भी 4 साल बाद जिम्बाब्वे के लिए टी-20 मैच खेलते नजर आएंगे। उन्होंने अप्रैल 2021 में पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी टी-20 खेला था। वे टीम के लिए 45 मुकाबलों में 934 रन बना चुके हैं।

आईसीसी ने उन्हें 2021 में करप्शन की खबर छिपाने के कारण 4 साल के लिए बैन किया था। जिसके बाद उन्होंने इसी साल जुलाई में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट और श्रीलंका के खिलाफ वनडे फॉर्मेट में भी वापसी की।

### ब्रैड एवंस को भी टीम में जगह

जिम्बाब्वे के स्क्वॉड में ब्रैड एवंस और तादिवानाशे मरुमानी को भी जगह मिली। दोनों को न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के खिलाफ जुलाई में हुई टी-20 सीरीज के दौरान चांस नहीं मिला था। ट्राई सीरीज खेलने वाले न्यूमैन न्याम्हुरी, वेसले मधेवेरे, विंसेंट मसेकेसा और तफद्ज्वा सिगा को स्क्वॉड में जगह नहीं मिली। जिम्बाब्वे टीम फिलहाल होमग्राउंड पर श्रीलंका के खिलाफ व्हाइट बॉल सीरीज खेल रही है। वनडे सीरीज को श्रीलंका ने 2-0 से अपने नाम किया। अब 3 टी-20 की सीरीज 3 सितंबर से खेली जाएगी। तीनों मुकाबले हरारे के हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले जाएंगे।

### जिम्बाब्वे का स्क्वॉड

सिकंदर रजा (कप्तान), ब्रायन बेनेट, रायन बर्ल, ब्रैड एवंस, ट्रेवर ग्वांडू, क्लाइव मदांदे, तिनोतेंदा मपोसा, तादिवानाशे मरुमानी, वेलिंगटन मसाकाद्जा,टोनी मुन्योंगा, ताशिंगा मुसेकिवा, ब्लेसिंग मुजरबानी, डायन मायर्स, रिचर्ड नगारवा, ब्रेंडन टेलर और शॉन विलियम्स।

## कॉमनवेल्थ गेम्स : भारत के साथ नाइजीरिया का भी मेजबानी का प्रस्ताव



**नई दिल्ली,02 सितम्बर 2025 (ए)।** भारत के साथ ही नाइजीरिया ने भी 2030 में होने वाले सेंटेनरी (100वें) कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी के लिए प्रस्ताव जमा किया है। 31 अगस्त मेजबानी के लिए प्रस्ताव दिए जाने की आखिरी तारीख थी। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स (सीएस) के अध्यक्ष डॉ. डोनाल्ड रुकारे ने कहा, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और नाइजीरिया ने 2030 के सेंटेनरी कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी के लिए प्रस्ताव जमा किए हैं। इन दो खेल महाशक्ति राष्ट्रों की ओर से मिले सकारात्मक जवाब से पता चलता है कि कॉमनवेल्थ गेम्स का महत्व और इसकी विरासत की संभावनाएं अभी भी बरकरार हैं। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स के कार्यकारी बोर्ड ने मूल्यांकन समिति का गठन कर दिया है। इस समिति की अध्यक्षता सीएस उपाध्यक्ष सैंड्रा ओसबोर्न केसी करेंगी, जो बारबाडोस कॉमनवेल्थ गेम्स एसोसिएशन और ओलिंपिक समिति की अध्यक्ष भी हैं। समिति में अन्य सदस्यों में हेलेन फिलिप्स,ब्रेंडन विलियम्स, इयान रीड,और एंड्रयू रायन शामिल हैं। मूल्यांकन प्रक्रिया के तहत सितंबर 2025 के अंत में लंदन में दोनों देशों के प्रतिनिधि अपने प्रस्तावों को व्यक्तिगत रूप से पेश करेंगे। इसके बाद समिति अपनी रिपोर्ट सीएस कार्यकारी बोर्ड को सौंपेगी, जो 74 सदस्य देशों और क्षेत्रों के लिए मेजबान की सिफारिश करेगा। अंतिम मंजूरी नवंबर 2025 में ग्लासगो, स्कॉटलैंड में होने वाली सामान्य सभा में दी जाएगी।

## पैट कमिंस के कमर में दर्द : भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे-टी-20 सीरीज से बाहर

**नई दिल्ली,02 सितम्बर 2025 (ए)।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज और टेस्ट कप्तान पैट कमिंस को कमर की चोट के कारण भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली आगामी सीमित ओवरों की सीरीज से बाहर कर दिया गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने साफ किया कि कमिंस का रीहैबिलिटेशन इस तरह से मैनेज किया जा रहा है ताकि वे एशेज सीरीज के लिए पूरी तरह फिट हो सकें। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टी-20 मैचों की सीरीज 1 अक्टूबर से है। वहीं भारतीय टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरा 19 अक्टूबर से है। टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 19-15 अक्टूबर के बीच तीन वनडे और 29 अक्टूबर से 8 नवंबर के बीच पांच टी-20 मैचों की सीरीज खेलेगी। जबकि एशेज सीरीज का पहला टेस्ट 21 नवंबर से पर्थ में शुरू होगा। सीए ने अपने बयान में कहा,पैट कमिंस भारत और




न्यूजीलैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। वे अपनी रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया को जारी रखेंगे, और उनकी गेंदबाजी में वापसी एशेज की तैयारी के हिसाब से तय की जाएगी। 32 साल के कमिंस ने इस साल यूके और कैरेबियन में चार टेस्ट मैचों में 95 से ज्यादा ओवर गेंदबाजी की थी। इसके बाद उन्हें कमर में दर्द की शिकायत हुई। मेडिकल जांच में उनकी रीढ़ के निचले हिस्से में समस्या सामने आई।

## सिनर तीसरी बार यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में

### बुब्लिक को सीधे सेटों में हराया,ओसाका से हारकर गॉफ बाहर

**नई दिल्ली,02 सितम्बर 2025 (ए)।** वर्ल्ड नंबर-1 इटली के जैनिक सिनर यूएस ओपन 2025 के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। मौजूदा चैंपियन ने चौथे राउंड में एलेक्जेंडर बुब्लिक को हराया। सोमवार की रात न्यूयॉर्क के आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए मैच में सिनर ने बुब्लिक 6-1, 6-1, 6-1 से हराया। इसमें उन्होंने केवल तीन गेम गंवाए। यह मुकाबला सिर्फ 1 घंटा 21 मिनट तक चला, जो इस साल के यूएस ओपन में दूसरे सबसे कम समय में खत्म होने वाला मैच था। सिनर की ग्रैंड स्लैम में हार्डकोर्ट पर यह लगातार 25वीं जीत है।

**क्वार्टर फाइनल में मुसेट्टी से भिड़ेंगे :** सिनर क्वार्टर फाइनल में सिनर का सामना इटली के लोरेंजो मुसेट्टी से होगा। मैच के बाद



बुब्लिक ने मजाकिया अंदाजा में सिनर को एआई-जेनरेटेड प्लेयर बताते हुए उनकी सटीकता और मशीन जैसी स्टाइल की तारीफ की।

**मुसेट्टी पहली बार यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में :** वहीं, एक अन्य मुकाबले में मुसेट्टी ने यूएस ओपन 2025 के चौथे राउंड में स्पेन के जौमे मुनार को 6-3, 6-0, 6-1 से सीधे सेटों में हराया। इसी के साथ मुसेट्टी पहली बार यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, जहां उनका सामना मौजूदा चैंपियन सिनर से होगा।

**ओसाका ने गॉफ को हराया :** पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 जापान की नाओमी ओसाका भी इस ग्रैंड स्लैम के विमेंस सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने चौथे राउंड में अमेरिका की कोको गॉफ को 6-3, 6-2 से हराया। ओसाका 2020 के बाद (जिसमें उन्होंने यूएस ओपन जीता था) पहली बार इस ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं।

दोनों खिलाड़ियों की अब तक छह मुकाबले हुए। ओसाका की गॉफ के खिलाफ ओवरऑल यह तीसरी जीत थी। गॉफ ने भी ओसाका को इतने ही बार हराया है।

**जोकोविच पहले ही क्वार्टर फाइनल में जगह बना चुके :** नोवाक जोकोविच ने रविवार रात यूएस ओपन के चौथे राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच ने 144वीं रैंकिंग वाले जर्मन क्वालिफायर जान-लेनार्ड स्ट्रफ को 6-3, 6-3, 6-2 से हराया।

## विवेक रंजन अग्निहोत्री की ममता बनर्जी से अपील

### द बंगाल फाइल्स बैन न करने की मांग की,कहा...हिंदुओं का दर्द दिखाना गुनाह है,तो मैं गुनहगार हूं

विवेक रंजन अग्निहोत्री की फिल्म द बंगाल फाइल्स 5 सितंबर को रिलीज होने वाली है, हालांकि संवेदनशील मुद्दा होने पर इस फिल्म को पश्चिम बंगाल में फिल्म का विरोध किया जा रहा है। अब विवेक रंजन अग्निहोत्री ने एक वीडियो जारी कर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को मैसेज देते हुए फिल्म बैन न किए जाने की मांग की है। विवेक अग्निहोत्री ने सीधे पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को संबोधित करते हुए एक वीडियो जारी किया। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री जी,यह वीडियो आपके लिए है। मेरी फिल्म दुनिया भर में रिलीज होगी,लेकिन ऐसा माहौल बनाया जा रहा है कि बंगाल में इसे बैन कर दिया जाएगा। थिएटर मालिकों पर इतना राजनीतिक दबाव है कि वे फिल्म दिखाने से डर रहे हैं। इसी डर की वजह से 16 अगस्त को हमारा ट्रेलर भी सिनेमाघरों में नहीं दिखाया गया। जब हमने होटल में इसे लॉन्च करने की कोशिश की, तो पुलिस ने आकर उसे रोक दिया।





विवेक रंजन अग्निहोत्री का आरोप है कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कार्यकर्ता लगातार इस फिल्म को बैन करने की मांग कर रहे हैं और कई फर्जी एफआईआर भी उनके खिलाफ दर्ज कराई गई हैं। उन्होंने ममता बनर्जी से अपील की है कि वह व्यक्तिगत और राजनीतिक मतभेद से ऊपर उठकर इस फिल्म को शांतिपूर्वक रिलीज होने दें। अग्निहोत्री ने अपने संदेश में कहा कि भारत का संविधान हर नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देता है और मुख्यमंत्री के रूप में ममता बनर्जी की जिम्मेदारी है कि वह इस अधिकार की रक्षा करें। उन्होंने याद दिलाया कि फिल्म को सेंसर बोर्ड ने पास कर दिया है और इसे रिलीज करना अब राज्य सरकार का संवैधानिक कर्तव्य है। उन्होंने आगे कहा कि भारत ने 1200 वर्षों तक गुलामी और अत्याचार झेला है। हमारी संस्कृति, धर्म और कला पर हमले हुए। इसमें सबसे दर्दनाक अध्याय बंगाल का है,जहां डायरेक्ट एक्शन डे और नोआखली नरसंहार जैसे भयानक हादसे हुए। उनका कहना है कि अगर यह घटनाएं न होतीं, तो शायद भारत का विभाजन भी न होता। उन्होंने सवाल उठाया कि जब दुनिया भर में होलोकॉस्ट, गुलामी और हिरोशिमा-नागासाकी की त्रासदी के बारे में हर बच्चा जानता है, तो भारतीय बच्चों को बंगाल की पीड़ा से क्यों अनजान रखा जाता है? क्या इस दर्दनाक इतिहास पर फिल्म बनाना गुनाह है? अग्निहोत्री ने साफ किया कि द बंगाल फाइल्स किसी धर्म या समुदाय के खिलाफ नहीं है, बल्कि यह उन ताकतों के खिलाफ है जिन्होंने इंसानियत को नुकसान पहुंचाया और आज भी झूठ को जिंदा रखना चाहते हैं। उनका कहना है कि यह फिल्म नफरत नहीं, बल्कि सत्य और हीलिंग का संदेश देती है। मेरी आपसे हाथ जोड़कर अपील है, इस फिल्म को प्लीज बैन मत कीजिए। इस फिल्म को देखिए, समझिए, इस पर डिबेट कीजिए, लेकिन सच्चाई को छुपाइए मत।

हिंदुओं का पूरे विश्व में एकमात्र राष्ट्र है भारत। तो क्या वे अपने ही घर में, अपने दर्द, अपनी पीड़ा, अपनी व्यथा की बात नहीं कर सकते? बंगाल का सच भारत का सच है। अगर डायरेक्ट एक्शन डे और नोआखाली की कहानी हम नहीं बोलेंगे तो कौन बोलेगा? अगर अभी नहीं बोलेंगे, तो कब बोलेंगे? अगर सत्य से डर लगता है तो आईना नहीं तोड़ा जाता।

आईना तोड़ने से चेहरा नहीं बदलता। फिर भी, अगर आपको लगता है कि हिंदू हिस्ट्री, हिंदू जेनोसाइड का सच बोलना भारत में ही गुनाह है, तो हां, मैं गुनहगार हूं। आप सरकार हैं और मैं वी द पीपल का मात्र एक नंबर। आप जो चाहें, मुझे सजा दे सकती हैं। वंदे मातरम। 'द बंगाल फाइल्स' रिलीज से पहले ही काफी विवादों में हैं। पश्चिम बंगाल में फिल्म का जमकर विरोध हो रहा।

## बीकानेर में संजय लीला भंसाली पर एफआईआर

### फिल्म लव एंड वॉर में लाइन प्रोड्यूसर बनाया,बाद में बिना पैसे दिए बाहर कर दिया

बीकानेर के बीछवाल थाने में फिल्म निर्माता, निर्देशक संजय लीला भंसाली के खिलाफ जोधपुर के एक युवक ने एफआईआर दर्ज कराई है। आरोप है कि फिल्म लव एंड वॉर के लिए उसे लाइन प्रोड्यूसर बनाया गया। सारे अरेंजमेंट करवाए गए और बाद में बिना पेमेंट किए ही बाहर कर दिया। इतना ही नहीं बीकानेर के एक होटल में उसे धक्का दिया गया और बेइज्जती की गई। पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की तो कोर्ट की शरण ली।



**भंसाली के प्रोडक्शन मैनेजर पर भी लगाए आरोप :** बीछवाल थाने के सीआई गोविंद सिंह चारण ने बताया- राधा फिल्म्स एंड हॉस्पिटैलिटी के सीईओ और लाइन प्रोड्यूसर प्रतीक राज माथुर ने एफआईआर में संजय लीला भंसाली, उनकी कंपनी भंसाली प्रोडक्शन्स, प्रोडक्शन मैनेजर उत्कर्ष बाली और अरविंद गिल पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

**कोई लिखित एग्रीमेंट नहीं किया :** एफआईआर में कहा गया है कि फिल्म लव एंड वॉर के लिए प्रतीक राज को पहले लाइन प्रोड्यूसर बनाया गया था। इसका एक मेल भी उन्हें बार-बार कहने पर किया गया। इसके लिए कोई लिखित एग्रीमेंट नहीं किया गया। माथुर ने लाइन प्रोड्यूसर के रूप में सारे अरेंजमेंट किए,प्रशासनिक व सरकारी सुविधाओं के लिए काम किया। सुरक्षा उपलब्ध कराई।

### होटल में बदतमीजी करने का आरोप

आरोप है कि प्रतीक होटल नरेंद्र भवन पहुंचा तो संजय लीला भंसाली, उत्कर्ष बाली और अरविन्द गिल ने उसके साथ बदतमीजी की। धक्का दिया और किसी तरह का एग्रीमेंट करने से इनकार कर दिया। उसके साथ धोखाधड़ी की गई। विश्वासघात करने के साथ ही धमकी दी गई कि उसकी कंपनी का काम नहीं होने देंगे।

### दिसम्बर में रिलीज होगी लव एंड वॉर

लव एंड वॉर दिसम्बर में रिलीज होगी। फिल्म की शूटिंग बीकानेर के जूनागढ़ सहित कई लोकेशन पर अगस्त में हुई थी। रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल अभिनीत यह रोमांटिक ड्रामा फिल्म खूब चर्चा में है। 28 सितंबर को रणबीर के जन्मदिन पर एक खास तोहफा देने की योजना है, जिसमें फिल्म का पहला पोस्टर या मुख्य कलाकारों का एक टीजर जारी किया जा सकता है।

# आदि कर्मयोगी अभियान:विकसित भारत में सशक्त होगा जनजातीय समाज

## आजादी के बाद यह पहला अवसर है जब किसी सरकार ने जनजातीय समाज के जीवन स्तर को उपर उठाने के लिए देशव्यापी छेड़ा अभियान

## यह अभियान देश भर के 550 से ज्यादा जिलों और 1 लाख से अधिक आदिवासी बाहुल गांवों में बदलाव के लिए करेगी काम...

**रायपुर,02 सितम्बर 2025।** देश की आजादी के बाद यह पहला अवसर है जब किसी सरकार ने जनजातीय समाज के जीवन स्तर को उपर उठाने के लिए देशव्यापी अभियान छेड़ा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने जनजातीय समाज के लोगों को शिक्षा,स्वास्थ्य,रोज़गार जैसे मूलभुत सुविधाओं से जोड़ने और इनका लाभ दिलाने के लिए आदि कर्मयोगी अभियान की शुरूआत की है। यह अभियान देशभर के 30 राज्यों में संचालित किया जा रहा है। यह अभियान देश भर के 550 से ज्यादा जिलों और 1 लाख से अधिक आदिवासी बहुल गांवों में बदलाव के लिए काम करेगी। बता दें कि जब भारत 2047 में अपनी आज़ादी के 100 वर्ष पूरा करेगा। उस समय तक विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए यह जरूरी है कि समाज का कोई भी वर्ग पीछे न छूटे। आदिवासी समाज को आगे बढ़ाए बिना यह सपना अधूरा रहेगा। आदि कर्मयोगी अभियान इस अंतर को भरने के लिए एक ठोस कदम है। यह अभियान शासन और समाज के बीच की दूरी को कम करेगा, पारदर्शिता लाएगा और योजनाओं को ज़मीनी स्तर तक पहुँचाएगा।

**भारत की जनजातीय आबादी लगभग 10 करोड़ से अधिक:** आदिकर्मयोगी अभियान का महत्व राष्ट्रीय स्तर पर इसलिए भी है क्योंकि भारत की जनजातीय आबादी लगभग 10 करोड़ से अधिक है। इतने बड़े समुदाय को मुख्यधारा में लाए बिना 2047 तक विकसित भारत का सपना अधूरा रहेगा। यह अभियान प्रधानमंत्री की उस सोच से जुड़ा है, जिसमें हर क्षेत्र, हर समाज और हर नागरिक को विकसित भारत÷ की यात्रा में समान अवसर देना है। भारत का विकास केवल शहरों और औद्योगिक क्षेत्रों तक सीमित नहीं रह सकता। एक सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र वही कहलाएगा, जहाँ समाज के हर तबके को समान अवसर मिले और उसकी संस्कृति को उचित सम्मान दिया जाए। इसी सोच को मूर्त रूप 'आदि कर्मयोगी अभियान' के जरिए दिया जा रहा है। यह वस्तुतः जनजातीय समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। छत्तीसगढ़ देश का वह राज्य है जहाँ सर्वाधिक जनजातीय जनसंख्या निवास करती है। इसीलिए इस अभियान का यहां विशेष महत्व है। आदिवासी समाज की असली चुनौती यही रही है कि अनेक योजनाएँ होते हुए भी उनकी जानकारी और लाभ ज़रूरतमंदों तक समय पर नहीं पहुँच पाते। ऐसे में लाखों कर्मयोगी स्वयंसेवक योजना और समाज के बीच सेतु बन सकेंगे। यह अभियान राज्य के 28 जिलों और 138 विकासखंडों के 6 हजार 650 गांवों में 1 लाख 33 हजार से अधिक वालंटियर्स तैयार करने का लक्ष्य रखा है। छत्तीसगढ़ में यह अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक पूरे राज्य में ग्राम पंचायत स्तर पर सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा।



### विष्णुदेव साय ने इस अभियान को सेवा पर्व का रूप दिया

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस अभियान को सेवा पर्व का रूप दिया है। उनका कहना है कि यह केवल योजनाओं की जानकारी देने का प्रयास नहीं, बल्कि समाज और शासन को जोड़ने वाला पुल है। छत्तीसगढ़ में इस अभियान के लिए वृहद स्तर पर आदिकर्म योगियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ये कर्मयोगी जनजातीय परिवारों से घर-घर संपर्क कर उनकी आवश्यकताओं और जरूरतों को समझेंगे तथा केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद करेंगे, राज्य और जिला स्तर पर इसकी मॉनिटरिंग की जाएगी। राज्य सरकार के सभी विभागों के अधिकारी इस कार्य में संवेदनशीलता के साथ सीधे जुड़ेंगे।



### यह विश्वास ही बदलाव की असली ताकत

आदि कर्मयोगी अभियान के पीछे एक गहरी सामाजिक सोच है। जब कोई स्थानीय युवा, महिला या स्वयंसेवक अपने ही गाँव में जाकर योजनाओं की जानकारी देता है, तो लोग उस पर भरोसा करते हैं और यह विश्वास ही बदलाव की असली ताकत है। अभियान का असर शिक्षा और स्वास्थ्य से लेकर आजीविका तक हर क्षेत्र में दिखेगा। जब एक वालंटियर किसी परिवार को यह बताता है कि उनकी बेटी को छात्रवृत्ति मिल सकती है, या बुजुर्ग को पेंशन का हक़ है, तो यह केवल सूचना नहीं होती, बल्कि उस परिवार की ज़िंदगी बदलने वाला अवसर होता है।

### जनजातीय परिवारों को पेंशन

आदिम जाति कल्याण मंत्री श्री राम विचार नेताम में अधिकारियों को पंचायतों में आदि सेवा केंद्र स्थापित करने और जनजातीय परिवारों को पेंशन,स्वास्थ्य बीमा,छात्रवृत्ति, रोजगार, कौशल विकास जैसी सुविधाओं के लिए मार्गदर्शन और योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि इस अभियान को सेवा पर्व के रूप में मनाया जाए और जनजातीय योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाने का ठोस प्रयास किया जाए।

## रतनपुर थाना प्रभारी नरेश चौहान लाइन अटैच,दो आरक्षक पहले ही निलंबित




**बिलासपुर,02 सितम्बर ।** शराब तस्कर को पैसे लेकर छोडने के मामले में कार्रवाई का सिलसिला जारी है। पहले दो आरक्षकों को निलंबित किया गया था,अब रतनपुर थाना प्रभारी नरेश चौहान पर भी गाज गिर गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रजनेश सिंह ने अधीनस्थ कर्मचारियों पर नियंत्रण न रखने के आरोप में टीआई नरेश चौहान को तत्काल प्रभाव से पुलिस लाइन अटैच कर दिया है। गौरतलब है कि पुलिस विभाग लगातार अधिकारियों को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दे रहा है। 20 अगस्त को हुई एक बैठक में जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों को स्पष्ट रूप से हिदायत दी गई थी कि वे अपने स्टाफ पर नजर रखें और अनुशासनहीनता को किसी भी सूरत में बर्दाश्त न करें। इसके बावजूद, 26 अगस्त को रतनपुर थाना के दो आरक्षक संजय खांडे और सुदर्शन मरकाम बिना थाना प्रभारी को सूचित किए सादी वर्दी में सिल्ली मोड़ स्थित कुआंजती गांव पहुंचे और वहां शराब तस्कर पर छापेमारी की। आरोप है कि उन्होंने कोचिए से पैसे लेकर उसे छोड़ दिया, जो कि नियमों के खिलाफ है। जांच में स्पष्ट हुआ कि इस पूरी कार्रवाई की जानकारी थाना प्रभारी को नहीं थी और न ही उन्होंने अपने मातहतों पर पर्याप्त नियंत्रण रखा। इस लापरवाही को गंभीर मानते हुए एसएसपी ने टीआई को हटाकर पुलिस लाइन में भेजने का निर्णय लिया। यह कार्रवाई स्पष्ट संकेत है कि पुलिस विभाग में अनुशासनहीनता और भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। वरिष्ठ अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि आगे भी इस तरह की घटनाओं में लिप्त पाए जाने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## हाईकोर्ट में चैतन्य बघेल की जमानत याचिका पर सुनवाई,अगली तारीख 8 सितंबर तय



**बिलासपुर,02 सितम्बर 2025।** बिलासपुर। छत्तीसगढ़ में बहुचर्चित शराब घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की जमानत याचिका पर मंगलवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। यह सुनवाई जस्टिस अरविंद वर्मा की सिंगल बेंच में हुई। प्रवर्तन निदेशालय (श्व्रष्ठ) ने कोर्ट में अपना पक्ष रखा, वहीं बचाव पक्ष ने जमानत की मांग पर दलीलें दीं। हालांकि, विस्तृत सुनवाई के बाद कोर्ट ने मामले की अगली तारीख 8 सितंबर तय की है। ईडी ने रखा अपना पक्ष ईडी ने अदालत को अवगत कराया कि चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी ठोस सबूतों और वित्तीय लेन-देन के आधार पर की गई है। एजेंसी ने दावा किया कि शराब घोटाले से जुड़े दस्तावेजों, बैंक लेन-देन और गवाहों के बयानों से साफ है कि बघेल ने अवैध कमाई को अपने व्यवसाय में लगाया। ईडी के वकीलों ने कहा कि इस स्तर पर जमानत देना जांच को प्रभावित कर सकता है। गौरतलब है कि 18 जुलाई 2025 को चैतन्य बघेल को ईडी ने उनके जन्मदिन के दिन रायपुर से हिरासत में लिया था। गिरफ्तारी के बाद ईडी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया था कि शराब घोटाले से उन्होंने 16 करोड़ 70 लाख रुपए की अवैध कमाई की और उसे रियल एस्टेट प्रोजेक्ट में निवेश किया।

## दिनदहाड़े बैंक के सामने मैनेजर से लूट,1.75 लाख रुपये लेकर लुटेरे फरार



**बेमेतरा,02 सितंबर 2025।** जिले के बेरला थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने एक सनसनीखेज लूट की घटना ने इलाके में हड़कंप मचा दिया है। कुसुम पेट्रोल पंप (कुसमी) के मैनेजर धनेश तिवारी से बाइक सवार लुटेरों ने 1 लाख 75 हजार रुपये से भरा बैग छीन लिया और तरकोरी-धमधा रोड की ओर फरार हो गए। बता दें कि घटना उस समय हुई ब धनेश तिवारी बैंक से रुपये निकालकर बाहर निकले थे। चानक बाइक सवार लुटेरों ने उन पर हमला बोल दिया और बैग नकर भाग निकले। स्थानीय ग्रामीणों ने लुटेरों का पीछा करने की शिश की,लेकिन वे उनकी पकड़ में नहीं आए। बेरला थाना पुलिस मामला दर्ज कर लिया है।

संवाद 45017/53

## छत्तीसगढ़ में भी वोट चोरी,कांग्रेस ने कहा... बहुत जल्द सबूतों के साथ करेंगे खुलासा





**जगदलपुर,02 सितम्बर 2025।** देशभर में वोट चोरी को लेकर कांग्रेस लगातार आक्रामक रुख अपनाए हुए है। वोट न्याय यात्रा के जरिए पार्टी बिहार, महाराष्ट्र, हरियाणा और कर्नाटक में इस मुद्दे को उठा चुकी है। अब प्रदेश कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में भी चुनावी धांधली का आरोप लगाना शुरू कर दिया है।

**दीपक बैज का बड़ा बयान :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो जारी करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में भी वोट चोरी हुई है। उन्होंने साफ किया कि कांग्रेस के पास इस संबंध में कई तथ्य हैं, जिन्हें बहुत जल्द सार्वजनिक किया जाएगा। बैज ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी और चुनाव आयोग की मिलीभगत से इस तरह की गड़बड़ियां हुईं, और इसका सीधा फायदा बीजेपी को मिला है।

**संगठन को अलर्ट, प्रशिक्षण अभियान शुरू :** इसी कड़ी में प्रदेश कांग्रेस ने सभी जिलों के जिला अध्यक्षों को पत्र लिखकर सक्रिय होने और प्रशिक्षण अभियान चलाने का निर्देश दिया है। पार्टी का मानना है कि कई विधानसभा क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर धांधली की गई है, और इसकी जानकारी कार्यकर्ताओं और नेताओं तक पहुंचाना जरूरी है।

### अन्य राज्यों से जोड़कर मामला गरमाया

बैज ने दावा किया कि जैसे बिहार, महाराष्ट्र और हरियाणा में धांधली के मामले सामने आए हैं, वैसे ही छत्तीसगढ़ में भी कई विसंगतियां सामने आई हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल इशारा नहीं है, बल्कि कांग्रेस आने वाले समय में सबूतों के साथ पूरे मामले का पर्दाफाश करेगी।

## छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य मितानीन संघ तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सीएम हाउस का घेराव करेगा 4 को




**रायपुर,02 सितंबर।** प्रदेश स्वास्थ्य मितानीन संघ प्रशिक्षक कल्याण संघ द्वारा मोदी की गारंटी के तहत घोषणा पत्र में किये गये वादे को पूरा करने के लिए एनजीओ ठेका प्रथा बंद करने एवं तीन सूत्रीय मांगों को लेकर छग स्वास्थ्य मितानीन संघ चार सितंबर को सीएम हाउस का घेराव करेगा। संघ की अध्यक्ष सरोज सेंगर ने जानकारी देते हुए बताया कि 72 हजार मितानीन प्रदेश में शासन की स्वास्थ्य योजनाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए दिन रात ग्रामीण क्षेत्रों में एवं शहरीय क्षेत्रों में समर्पित भाव से काम कर रही हैं। बावजूद इसके स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा बिना किसी योजना के एक हजार और लोगों की भर्ती की गई है जिनका न तो राज्य सूची में नाम दर्ज है और न ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजना मिशन के तहत नामांकन है। एनजीओ को जबर्दस्ती मितानीनों पर थोपा जा रहा है। जो गलत है। उन्होंने कहा कि 2023 में की गई घोषणा के अनुसार मितानीनों को संविलियन करने का राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में घोषणा की गई थी इसके बाद भी वेतन में 50 प्रतिशत वृद्धि नहीं की गई है। स्वास्थ्य मंत्री एनजीओ के माध्यम से मितानीनों को जबरिया प्रताड़ित कर रहे हैं।

सरोज के अनुसार स्वास्थ्य मंत्री ज्ञापन देने के दौरान श्याम बिहारी का कहना कि मैं किसी को काम से नहीं निकालूंगा। ठेका प्रथा बंद नहीं करेंगे।

## नक्सलियों का खूनी खेल,दो ग्रामीणों की हत्या पर्चा जारी कर बोले...मुखबिरी की सजा दी मौत





**सुकमा,02 सितम्बर 2025।** सुकमा जिले के सिरसेटी (नंदापारा) गांव में नक्सलियों ने एक बार फिर अपने खौफनाक मंसूबों को अंजाम देते हुए दो ग्रामीणों की निर्मम हत्या कर दी। इस घटना ने पूरे इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। नक्सलियों की केरलापाल एरिया कमेटी, दरभा डिवीजन ने इस हत्याकांड की जिम्मेदारी लेते हुए एक पर्चा जारी किया है, जिसमें मृतकों पर पुलिस के लिए मुखबिरी करने का आरोप लगाया गया है। जानकारी के अनुसार, नक्सलियों ने ग्रामीणों पदाम पोज्जा और देवेंद्र उर्फ देवा को सोमवार देर रात उनके घरों से अगवा किया और जंगल ले जाकर उनकी हत्या कर दी। पर्चे में दावा किया गया है कि दोनों 2022 से डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) जवानों के संपर्क में थे और नक्सलियों के खिलाफ सूचना देने का काम कर रहे थे। इसी आधार पर उन्हें मौत की सजा दी गई। फिलहाल पुलिस शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## नव्या मलिक रिमांड पर,नार्को टेस्ट की तैयारी वीआईपी कनेक्शंस के साथ ब्लैकमेलिंग का खुलासा

**रायपुर,02 सितम्बर 2025।** राजधानी रायपुर में ड्रग्स तस्करी के सनसनीखेज मामले में मुख्य आरोपी इंटीरियर डिजाइनर नव्या मलिक को 4 सितंबर तक पुलिस रिमांड पर लिया गया है। ऑपरेशन निश्चय के तहत रायपुर पुलिस ने नव्या और उसके करीबी दोस्त अयान परवेज को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं, लेकिन नव्या के कुछ सवालों से बचने के कारण पुलिस अब उसका नार्को टेस्ट कराने की तैयारी कर रही है। इस केस ने कई हाई-प्रोफाइल कनेक्शंस और संभावित ब्लैकमेलिंग रैकेट की ओर इशारा किया है।

### शराब कारोबारी से कनेक्शन

जांच में नव्या ने शराब व्यवसायी अनवर ढेबर और उनके बेटे शोएब ढेबर के साथ अपने संबंधों को स्वीकार किया है। उसने बताया कि शोएब उसका दोस्त है और दोनों ने कई बार पार्टियों में हिस्सा लिया है। नव्या ने शोएब के घर का इंटीरियर डिजाइन भी किया था,जहां से उनकी जान-पहचान शुरू हुई। पुलिस को शक है कि शोएब और अयान के बीच भी कोई कनेक्शन हो सकता है, जिसकी जांच की जा रही है।

### विदेशी यात्राओं पर पुलिस की नजर

नव्या ने दुबई, सिंगापुर, तुर्की, थाईलैंड और मालदीव की कई विदेश यात्राओं की बात कबूल की है। पुलिस को संदेह है कि ये यात्राएं ड्रग्स तस्करी के नेटवर्क से जुड़ी हो सकती हैं। खास तौर पर, एक बड़े शराब कारोबारी के साथ तुर्की में तीन दिन की यात्रा की जानकारी ने पुलिस का ध्यान खींचा है। इन यात्राओं का रिकॉर्ड खंगालने के लिए पुलिस ने जांच तेज कर दी है।

### अश्लील वीडियो और ब्लैकमेलिंग का एंगल

पुलिस ने अयान परवेज के मोबाइल से नव्या के तीन आपत्तिजनक वीडियो बरामद किए हैं। इसके अलावा, अन्य लड़कियों के वीडियो भी मिले हैं, जिनकी पहचान अभी नहीं हो सकी है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या इन वीडियो का इस्तेमाल नव्या या अन्य लोगों को ब्लैकमेल करने के लिए किया जा रहा था। यह खुलासा ड्रग्स रैकेट में एक बड़े सनसनीखेज एंगल को दर्शाता है।



## अब नहीं लगा सकेंगे सार्वजनिक मार्ग और बिजली तारों के नीचे पंडाल

**रायपुर,02 सितंबर 2025।** छत्तीसगढ़ में अब बिना अनुमति किसी सार्वजनिक मार्ग,मैदान, फुटपाथ या बिजली तारों के नीचे पंडाल या अस्थाई संरचना लगाना संभव नहीं होगा। जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति बिभु दत्ता गुरु की खंडपीठ को यह जानकारी दी। शासन की ओर से बताया गया कि 25 अगस्त 2025 को नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 और नगर पालिका अधिनियम 1961 के अंतर्गत नई नीति जारी की गई है। इस नीति के तहत कोई भी व्यक्ति, संस्था, समिति या संगठन बिना पूर्व अनुमति के धरना, जुलूस, सभा या रैली नहीं कर सकेगा। याचिकाकर्ता नितिन सिंघवी ने जानकारी दी कि नीति का उल्लंघन करने पर सजा का भी प्रावधान रखा गया है। नई नीति में दिशा-निर्देशों को दो श्रेणियों में बांटा गया है-पहली श्रेणी उन आयोजनों के लिए है,जहां 500 से कम व्यक्ति एकत्रित होते हैं और अस्थाई ढांचा 5000 वर्ग फीट से छोटा होता है। दूसरी श्रेणी में वे आयोजन आते हैं, जहां 500 से अधिक व्यक्ति होते हैं या ढांचा 5000 वर्ग फीट से बड़ा होता है।



**5000 वर्ग फीट से छोटे पंडालों के लिए मुख्य शर्तें**

- आयोजन के लिए नगर पालिक निगम या स्थानीय निकाय से अनुमति लेना अनिवार्य होगा।
- मुख्य मार्गों पर अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि दी जाती है तो वैकल्पिक मार्ग चिन्हित करना होगा।
- किसी भी पंडाल का निर्माण बिजली तारों के ठीक नीचे नहीं किया जाएगा।
- पंडाल अग्निरोधी सामग्री से बनाया जाना आवश्यक होगा।
- आयोजक को सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी।

## छत्तीसगढ़ में शिक्षकों के संलग्नीकरण पर फिर सख्ती,आदेश जारी



**रायपुर,02 सितंबर।** छत्तीसगढ़ शासन ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि अब शिक्षकों का संलग्नीकरण (अटैचमेंट) किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी ताज़ा आदेश में सभी जिलों के कलेक्टरों को निर्देशित किया गया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत हुए युक्तियुक्तकरण के बाद भी यदि कहीं संलग्नीकरण की जानकारी सामने आती है तो उसे तत्काल रोका जाए। जारी आदेश में कहा गया है कि युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया का उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था को संतुलित करना है,ऐसे में शिक्षकों को इधर-उधर संलग्न करना इस प्रक्रिया को प्रभावित करता है। विभाग ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि पूर्व में भी संलग्नीकरण पर रोक लगाई जा चुकी है, फिर भी यदि कोई जिला इस आदेश का उल्लंघन करता है तो जिम्मेदारी तय की जाएगी।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)